तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



रेलवे स्टेशन चुचुहियापारा की ओर का फुटओवर ब्रिज टूटने लगा है।



## खबर संक्षेप

### गिरफ्तारी देंगे कांग्रेस नेता आज

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर निवृत्तमान अध्यक्ष विजय पांडे समेत कांग्रेसजन 2 दिसंबर को सिविल लाइन थाना में गिरफ्तारी देंगे। दो दिन पहले जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। थाना घेराव के बाद पुलिस ने अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। विजय केशरवानी व विजय पांडे ने कहा कि 2 दिसंबर मंगलवार को कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन पहुंचेंगे उसके बाद सिविल लाइन थाने में जाकर अपनी गिरफ्तारी देंगे।

### 48 घंटे उपवास करेगा रनिंग स्टाफ

**बिलासपुर।** आटो सिग्नलिंग और बहु लाईन में चालकों और सहायक चालकों की ड्यूटी को रेल प्रशासन 6 घंटे करने सहित अन्य अन्य मांगों को लेकर रनिंग स्टाफ का 48 घंटे का उपवास और जीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन मंगलवार की दोपहर को किया जाएगा। साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन केन्द्रीय समिति के आव्हान पर रनिंग स्टाफ का 48 घंटे का उपवास एवं जीएम कार्यालय सहित सभी क्रू लॉबियों के सामने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

### वर्मा परिवार देगा दो छात्रों को स्वर्ण पदक

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा, श्रीमती नीता वर्मा, नीता वर्मा, श्रीमती अनिता श्रीवास्तव, श्रीमती इंदिरा ब्यौहार के आवेदन एवं सहयोग पर पूर्व में चल रहे केन्द्रीय विश्वविद्यालय में उनके स्वर्गीय पिता स्व. कृष्णानंद वर्मा सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता और माता स्व. श्रीमती शांति वर्मा के नाम दो स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसमें 4 दिसम्बर को अटल बिहार बाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में विधि अंतिम के टॉपर छात्र शामिल रहेंगे।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की हड़ताल स्थगित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ द्वारा 3 दिसंबर को होने वाली प्रांत स्तरीय हड़ताल स्थगित हो गई है।

# ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट से हैदराबाद में बन रहे आधार कार्ड, शहर में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट होने के कारण नियमों का हवाला देते हुए जिन बच्चों के आधार कार्ड जिले में नहीं बनाए जा रहे हैं, उन्हीं बच्चों के आधार कार्ड हैदराबाद स्थित यूआईडीएआई कार्यालय से आसानी से जारी कर दिए जा रहे हैं। सवाल यह है ऐसे अभिभावकों की संख्या कितनी है, जो अपनी नौकरी या व्यवसाय छोड़कर केवल अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने हैदराबाद की दौड़ लगा सकें?

शासन के नियमानुसार ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर बच्चों का आधार कार्ड नहीं बनाया जा सकेगा। इसके लिए अभिभावकों को बच्चे का ऑनलाइन बर्थ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। प्रदेश में ऐसे अभिभावकों की संख्या हजारों में है, जिन्होंने विभिन्न कारणों के चलते अपने बच्चों के ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट बनवाकर रखे हैं, लेकिन अब वे बच्चों को स्कूल में भर्ती कराने या पहले से स्कूल में भर्ती बच्चों की अपार आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड बनवाने चक्कर लगा रहे हैं।

- कितने माता-पिता हैदराबाद जाने में सक्षम?
- हैदराबाद में यूआईडीएआई का हेड ऑफिस





अलग खबर

तखतपुर ब्लॉक के काठाकोनी निवासी राजेश शर्मा के पुत्र आदित्य शर्मा की स्कूल में दर्ज जन्मतिथि एवं आधार में दर्ज जन्मतिथि में अंतर है। इनके पास बच्चे का ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट था। प्रदेश स्तर पर सुधार नहीं होने की स्थिति में यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हेड ऑफिस हैदाराबाद पहुंचे। वहां श्री शर्मा से कहा गया कि बिलासपुर जिले के जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु द्वारा यदि इनके प्रमाणपत्रों को वेलिड मानते हुए सहमति पत्र दें तो उनके बच्चे के दस्तावेजों में सुधार हो जाएगा। श्री शर्मा वापस बिलासपुर आए व हैदराबाद आफिस के कहे अनुसार सहमति पत्र लेकर वापस हैदराबाद गए जहां उनके बच्चे के दस्तावेजों में सुधार कर दिया गया।

बेमेतरा निवासी कमल प्रसाद के बच्चे का जन्म सामुदायिक केंद्र बिल्हा में 2019 को हुआ था। इन्हें अपने बच्चे को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूल में भर्ती कराना है, लेकिन आधार कार्ड ही नहीं बना है। इनके पास भी बच्चे का ऑफलाइन सर्टिफिकेट है, जिसके आधार पर आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। ऐसे में इनके सामने भी कामकाज छोड़कर हैदराबाद जाना ही अंतिम विकल्प नजर आ रहा है।

गनियारी निवासी रामसरकार देवांगन के बच्चे का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गनियारी में वर्ष 2020 में हुआ था। इनके पास भी बच्चे का ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट है, लेकिन इनके बच्चे का भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। प्रदेश में ऐसे हजारों अभिभावक हैं, जो ऑफलाईन बर्थ सर्टिफिकेट के कारण अपने बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पाने व स्कूल में भर्ती नहीं हो पाने संबंधी परेशानी से हलाकान हैं। जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग में प्रतिदिन करीब दस ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं।

### प्रिंसिपल ने दी परीक्षा में नहीं बैठाने की चेतावनी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा में वर्ष 2019 में जन्म लेने वाले बच्चे के पिता आस्टिन डेविड द्वारा भी बच्चे का ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया गया है। इनके द्वारा बच्चे का आधार कार्ड फिलहाल नहीं बनवाया गया है। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ाई कर रहा है, वहां बच्चे की अपार आईडी बनाई जानी है, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन के द्वारा आधार कार्ड की मांग की जा रही है, लेकिन ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट से आधार कार्ड बनाया नहीं जा रहा है। निजी स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा बिना आधार के बच्चे को परीक्षा में नहीं बैठाने की बात कही गई है।

### आदेश का इंतजार

अभिभावकों को परेशानी तो निश्चित रूप से हो रही है। वर्ष 2016 से 2021 के बीच जन्म लेने वाले बच्चों के जन्म प्रमाणपत्रों की ऑनलाइन एंट्री के लिए सीआरएस पोर्टल में विकल्प खोले जाने के संबंध में संचालक आर्थिक एवं सांख्यिकीय संचालनालय को पत्र भेजे गए हैं। आदेश का इंतजार है।

- **अतुल कुमार पटेल,** सहायक संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

### लाखासार, भकुर्रा नवागांव व बोड़सरा समिति का मामला

# पांच लोगों के नाम से बेचा गया धान, फोटो एक ही किसान की



**रायपुर से आए रेंडम जांच के निर्देश, सभी को दिया गया नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच अलग-अलग किसानों के नाम से धान की बिक्री की गई, लेकिन धान लदे पांचों वाहनों के सामने फोटो खिंचवाने वाला किसान एक ही था। इस फोटो को अपलोड करते ही प्रदेश स्तर पर गठित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा तत्काल रेंडम जांच के निर्देश दिए गए। जिले की टीम ने इस मामले में तत्काल मौके पर जांच कर संबंधित सभी समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी किया है।

जिले में धान खरीदी के दौरान गड़बड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। आश्चर्यजनक बात यह है कि यह गड़बड़ी स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर बनाई गई टीम के द्वारा पकड़ी गई है। धान खरीदी की इस साल की प्रक्रिया के अनुसार इस साल सहकारी समितियों में धान बेचने पहुंचने वाले प्रत्येक किसान की उसके धान लदे वाहनों के सामने न केवल फोटो खींची जाएगी, बल्कि उसे पोर्टल में अपलोड भी किया जाएगा।

तखतपुर ब्लॉक की लाखासार, भकुर्रानवांगांव एवं बोड़सरा नामक सहकारी समितियों में पांच अलग-अलग किसानों के नाम पर धान की बिक्री की गई, लेकिन पांचों किसानों द्वारा लाए गए धान लदे वाहनों के सामने पांच अलग-अलग किसानों के स्थान पर केवल एक किसान द्वारा फोटो खिंचवाई गई। इस फोटो को पोर्टल में अपलोड करते ही प्रदेश स्तर पर बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर रायपुर द्वारा जिले के अधिकारियों को संबंधित पांच समितियों में गड़बड़ी होने संबंधी सूचना दी गई व मौके पर जाकर रेंडम जांच के निर्देश दिए गए।

खाद्य विभाग द्वारा इसके लिए कुछ अधिकारियों को संबंधित समितियों में जांच के लिए मौके पर भेजा गया। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने के बाद उपायुक्त सहकारिता के द्वारा लाखासार, भकुर्रानवांगांव, बोड़सरा सहित पांच समिति के प्रबंधकों एवं संबंधित किसानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### दिया गया नोटिस

लाखासार, भकुर्रानवांगांव व बोड़सरा समिति में पांच किसानों के नाम पर धान की बिक्री, लेकिन एक ही किसान की फोटो लेने जैसी शिकायत आई थी, जिसकी जांच कराई गई है। सभी समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

# प्रतियोगी के आंसरशीट में स्टीकर ही नहीं लगाया

## व्यापमं ने संदिग्ध मानकर मूल्यांकन रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक सरकंडा एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। वह भी ऐसे मामले को लेकर, जिसने एक प्रतियोगी छात्र के भविष्य को सीधे अधर में लटका दिया गया है। रविवार 28 नवंबर 2025 को आयोजित व्यापमं की हैंडपंप टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा के दौरान इस परीक्षा केंद्र पर ऐसी लापरवाही सामने आई, जिसने बिलासपुर की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल व्यापमं की गोपनीयता नीति के तहत हर उत्तर पुस्तिका पर अनिवार्य रूप से सुरक्षा स्टीकर लगाया जाता है, लेकिन इस केंद्र के पर्यवेक्षक और केंद्र अध्यक्ष दोनों ने इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि वैल्यूएशन के दौरान कॉपी को संदिग्ध मानते हुए मूल्यांकन तुरंत रोक दिया गया।

- कलेक्टर को भेजी गई जानकारी, जिला स्तर पर जांच शुरू
- सरंकडा बालक स्कूल में एक और लापरवाही सामने आई

व्यापमं ने इसे परीक्षा में चूक माना है, क्योंकि बिलासपुर में यह पहला मामला है जब किसी प्रतियोगी की कॉपी बिना स्टीकर होने के कारण वैल्यूएशन बीच में रोकनी पड़ी। वैल्यूएशन रोकने के बाद व्यापम ने सप्ताहांत में ही एक विस्तृत पत्र कलेक्टर को भेजकर तत्काल जांच की मांग की। कलेक्टर ने इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए इसे नोडल अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर शिव कंवर को अग्रेषित किया। डिप्टी कलेक्टर के मुताबिक यह अत्यंत गंभीर चूक है। केंद्र अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से व्यापम के सामने उपस्थित होकर बताना होगा कि बिना स्टीकर के कॉपी कैसे स्वीकार की गई। यह गलती अनजाने में हुई या किसी को लाभ देने के उद्देश्य से इसकी जांच अनिवार्य है।

### स्कूल में पहले भी हो चुकी है हाइटेक नकल

जब इस मामले को लेकर केंद्रा अध्यक्ष पी.मंडल से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनका मोबाइल फोन लगातार बजता रहा लेकिन उठाया नहीं गया। जाहिर है कि इस गंभीर मामले में उनकी तरफ से कोई जवाब सामने नहीं आया है। वहीं व्यापम ने पहले ही संकेत दे दिया है कि यह लापरवाही सिर्फ एक गलती नहीं मानी जाएगी बल्कि यह देखा जाएगा कि यह चूक अनजाने में हुई, या किसी विशेष प्रतियोगी को लाभ पहुंचाने की कोशिश थी। ध्यान रहे कि यह वही स्कूल है, जो पहले भी नकल जैसे हाई-टेक विवादों में घिर चुका है। सात महीने पहले इसी विद्यालय में एक प्रतियोगिता के दौरान हाइटेक उपकरणों के सहारे नकल कराने का बड़ा मामला सामने आया था। अब फिर से परीक्षा प्रक्रिया में इस तरह की चूक सीधे-सीधे विद्यालय की विश्वसनीयता पर सवाल लगाती है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**2 लाख 30 हजार अधिक फार्म जमा होना बाकी**

# एसआईआर के तहत जमा हो गए 14 लाख 45 हजार मतदाताओं के फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि एक सप्ताह बढ़ा दी है। अब 11 दिसंबर तक गणना फार्म भरकर जमा किए जा सकते हैं। बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों से अभी तक 14 लाख 45 हजार 321 मतदाताओं के फार्म जमा हो चुके हैं और उनका डिजीटाईजेशन भी हो गया है । इसके बाद भी अभी लगभग 2 लाख 30 हजार 449 फार्म जमा होना बाकी है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 4 नवंबर से एसआईआर का काम शुरू हुआ था और 4 दिसंबर एक माह तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन करना था। इसमें मतदाताओं के घरों में पहुंचकर गणना फार्म बांटना था और उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को जमा करवाना था। बीएलओ द्वारा गणना फार्म मतदाताओं के घरों में वितरण का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब बीएलओ भरे हुए गणना फार्म को जमा कराने घर-घर पहुंच रहे हैं। इसके लिए बीएलओ ऊपर काफी दबाव है और जो मतदाता किसी वजह से फार्म जमा नहीं कर पाए हैं वे भी चिंतित हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दी है। इस तरह से मतदाताओं के सत्यापन कार्य के लिए एक सप्ताह का और समय बीएलओ को मिल गया है। जिले के 6 विधानसभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 770 है, जिसमें से अभी तक 14 लाख 45 हजार 321 मतदाताओं के गणना फार्म जमा हो चुके हैं और उनके फार्म का डिजिटाईजेशन भी हो गया है। इसके बाद भी 2 लाख 30 हजार 449 मतदाताओं के गणना फार्म जमा होना बाकी है। जैसे-जैसे मतदाताओं के फार्म बीएलओ के पास जमा होते जा रहे हैं वैसे-वैसे उनका डिजीटाईजेशन का काम भी कराया जा रहा है।





- घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर तक चलेगा

**एसआईआर की संशोधित तिथि**

- मतदाता सत्यापन — 11 दिसंबर तक
- मतदाता सूची जारी — 16 दिसंबर
- दावा-आपत्ति — 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक
- सुनवाई, सत्यापन — 16 दिसंबर से 7 फरवरी
- अंतिम मतदाता सूची जारी — 14 फरवरी

### एसआईआर में लगे 3800 अधिकारी-कर्मचारी

बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1815 मतदान केन्द्रों को आधार मानकर विधानसभावार 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। मतदाता सूची के इस गहन पुनरीक्षण कार्य में जिले के 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों को लगाया गया है। इसमें बूथ स्तर अधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाकर और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं।

### आनलाइन फार्म भरने की सुविधा

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत आनलाइन फार्म भरने की सुविधा भी दी गई है। लोग ईसीआई के वेबसाइट पर जाकर भी अपना फार्म भर सकते हैं या अपलोड कर सकते हैं। बीएलओ द्वारा आनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### जारी हुआ है संशोधित कार्यक्रम

निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में आवश्यक निर्देशों के साथ संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है। जिले के सभी विधानसभाओं को मिलाकर अभी तक 75 फीसदी से ऊपर डिजिटाइजेशन का काम हो गया है और बीएलओ घर-घर जाकर गणना फार्म जमा ले रहे हैं।

- **एस बनर्जी,** एडीएम उपजिला निर्वाचन अधिकारी

## खबर संक्षेप

### एयू के परीक्षा नियंत्रक दीवान बनाए गए रायगढ़ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान को शहीद नंदकुमार पटेल रायगढ़ यूनिवर्सिटी का रजिस्ट्रार बनाया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. दीवान के रायगढ़ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। सहायक प्राध्यापक डॉ. तरूणधर दीवान पिछले करीब तीन वर्षो से अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में में परीक्षा नियंत्रक के पद पर पदस्थ हैं और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद नई व्यवस्था में परीक्षा प्रबंधन एवं उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परीक्षा परिणाम शीघ्रता से घोषित करने में उनकी भूमिका रही है। रायगढ़ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाने पर डॉ. तरूणधर दीवान का कहना है कि उनका प्रयास रहेगा कि यूनिवर्सिटी की सभी प्रशासनिक व शैक्षणिक प्रक्रियाओं को बेहतर से बेहतर बनाया जाए।

### ओवरब्रिज पर लगाए जा रहे गर्डर लोगों को मिलेगी सुविधा



**बिलासपुर।** दपूमरे द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं सुविधा बढ़ाने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। समपार फाटकों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम करने तथा अत्यधिक सड़क यातायात वाले मार्गों पर ट्रेनों के आवागमन के दौरान होने वाली असुविधाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न समपार फाटकों पर रोड ओवरब्रिज, रोड अंडरब्रिज एवं लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण किया जा रहा है, ताकि यातायात को सुरक्षित रूप से वैकल्पिक मार्ग प्रदान किया जा सके। इसी क्रम में मंडल के हिमगीर और दाघोरा स्टेशनों के मध्य समपार गुमदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज का कार्य तेजी से प्रगति पर है। निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए 36–36 मीटर लंबे तीन गर्डरों की सफलतापूर्वक स्थापना की गई। यह कार्य अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सतर्कता, सजगता एवं सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन के साथ 2 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लेकर संपन्न किया गया। गर्डरों की सफल लांचिंग के साथ इस आरओबी निर्माण में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है।

### सिंधी युवक समिति जज्बा ने किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया सोसायटी, लालचदानी परिवार एवं सिंधी युवक समिति परिवार के प्रयासों से बिलासपुर शहर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार पूज्य सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया और सीकल सेल पीड़ित मरीजों को राहत पहुंचाना था। रक्तदान करने वाले सभी सैंकडों रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया, ताकि लोगों में यातायात के प्रति भी जागरूकता आए। सामाजिक संस्था जज़्बा एजुकेशन एड वेलफेयर सोसायटी एचडीएफसी बैंक द्वारा शिविर में विशेष सहयोग रहा। जज्बा परिवार द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के मार्गदर्शक सिंधी युवक समिति समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज, संरक्षण कैलाश मलघानी, संरक्षक मनोहर खट्वानी, अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, कैलाश श्यामनानी, सतीश लालचंदानी, गिरीश लालचंदानी,एवं प्रियंका ठाकुर का शाल पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर जे मनुराज एवं आभार प्रकट सिंधी युवक समिति के स्वास्थ्य मंत्री संजय मतलानी ने किया। सिंधी युवक समिति सदस्यों के साथ प्रदीप साहू, मोहन मदवानी, अमित सुखवानी, हरिश मोटवानी, किशन जेठानी, जय चंद्राकर आदि सेवा में लगे हुए थे।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में मातृशक्ति का सिद्धांत प्रस्तुत किया

**बिलासपुर।** सरस्वती मंदिर तिलकनगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ, मुख्य वक्ता सुगम्य देशपाण्डेय, दिव्या चंदेल कार्यक्रम के प्रांत सह-सयोजक, मुख्य अभ्यगत विद्यालय के पूर्व शिखर सम्मेलन उप पुलिस अधीक्षक तान्या पांडे रहीं। व्याख्याता दिव्या चंदेल ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पुष्पलता नामदेव का स्वागत वर्जिनिया पांडे द्वारा किया गया। इंक्रीमेंट मुजुमदार के द्वारा प्रस्तावना जारी की गई। मुख्य वक्ता स्मारक समागम देशपांडेय ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि और दिव्या चंदेल ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर मातृशक्ति का सिद्धांत प्रस्तुत किया। स्कूल की दिवानों ने भारतमाता, रानी पद्मावती एवं सोनिया बाई फूले की वेशभूषा में प्रेरणादायक महिलाओं का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मातृशक्तियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। संगीता परिहार द्वारा उद्बोधन दिया गया। बंधक प्रदर्शन मित्र निधि सचिवालय ने किया, प्रमुख अभ्यगत शिक्षक तान्या पांडे द्वारा मातृशक्ति संकल्प कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में 83 मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य राकेश पांडे एवं विद्यालय के आचार्य,बहन उपस्थित रहें।

### मनरेगा अंतर्गत रोजगार दिवस सृजन करने में जिला अव्वल

**बिलासपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत जिला द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजन किया गया है और 32.30 लाख मानव दिवस सृजन कर जिला प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर है। आज की स्थिति में बिलासपुर जिला द्वारा मनरेगा में 32130 लाख मानव दिवस सृजन किया गया है, जो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्रदाय लक्ष्य 40.30 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 80 प्रतिशत तक की उपलब्धि माह नवंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया गया। 32.30 लाख मानव दिवस सृजन कर प्रदेश में जिला प्रथम स्थान पर है। जिले द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह नवंबर तक 83609 परिवारों के 137423 पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार प्रदाय करते हुए 7861.38 लाख रुपए का मजदूरी भुगतान श्रमिकों को किया गया है। मनरेगा एक मांग आधारित योजना है जिससे ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही रोजगार के माध्यम से कार्य प्रदाय कराया जाता है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा

### सत्तापक्ष, विपक्ष के सदस्यों ने मचाया हल्ला

# अवैध उत्खनन-परिवहन समेत धान खरीदी व शिक्षकों का मुद्दा छाया रहा

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन के मुद्दे पर सत्तापक्ष व विपक्ष के सदस्यों ने खूब हल्ला मचाते हुए खनिज विभाग के इंस्पेक्टर को घेरा। करीब एक घंटे तक खनिज विभाग के मुद्दे पर ही चर्चा होती रही। बैठक में धान खरीदी अव्यवस्था तौल में अधिक धान लेने एवं शिक्षकों की कमी शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दा छाया रहा।

जिला पंचायत की सामान्य सभा आज जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और सीईओ संदीप अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में शुरू हुई और शुरूआत से ही सदस्यों ने अवैध उत्खनन, परिवहन के मुद्दे को लेकर काफी हल्ला मचाया। बैठक में पाराघाट में कोल डंपिंग एवं बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में कोलवाशरी से लेकर कोनी, सेंदरी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन मामला सदस्यों द्वार उठाया गया। सदस्यों का कहना था कि रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर रोकथाम नहीं हो रही है। कोनी, सेंदरी में कई बार घटनाएं हो चुकी हैं, फिर अरपा नदी से रेत निकाला जा रहा है। बिलासा ताल के सामने नए कमिश्नर कार्यालय के पीछे से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। मंगला, धुरी, लोखंडी मार्ग पर दिनभर रेत परिवहन करने वाली गाड़ियां दौड़ती रहती है। बैठक में उपस्थित खनिज इंस्पेक्टर द्वारा बताया गया कि अवैध उत्खनन




को देखते हुए कोनी में रेत घाट स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के नाम पर ट्रैक्टर से रेत परिवहन का मामला भी उठा, जिसपर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि आवास निर्माण के लिए निर्धारित कर दी जाए कि कितनी गाड़ी रेत की छूट दी जा सकती है।

### 54 हजार खसरों का नहीं हुआ पंजीयन

सामान्य सभा दौरान एक सदस्य ने गिरदावरी पर ऊंगली उठाते हुए कहा कि गलत तरीके से गिरदावरी हुआ है। ध्रुवाकारी ग्राम में एक किसान के खेत में धान के बजाए तरोई का फसल दर्शाया गया है, जिसे सुधरवाने आवेदन देने के 15 दिनों बाद भी नहीं सुधरा है। वहीं सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि 54 हजार खसरों का पंजीयन नहीं हो पाया है। इसलिए पंजीयन तिथि 15 दिनों के लिए बढ़ाया गया है। इसके लिए कलेक्टर की ओर से एक टीम बनाई गई है और पिछले तीन दिनों में 18 हजार पंजीयन हुए हैं। सदस्यों ने टोकन की समस्या भी बताई जिसपर बताया गया कि शासन ने प्रतिदिनि टोकन निर्धारित कर दिया है उतना ही टोकन कट रहा है।

### समितियों में अधिक धान लेने की शिकायत

सामान्य सभा में कोटा सहित कुछ क्षेत्रों के सदस्यों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान समितियों द्वारा सूखत के नाम पर अतिरिक्त धान लिए जाने की शिकायत की। वहीं धान खरीदी में दोषी प्रभारियों को फिर से प्रभारी बनाए जाने तथा आपरेटरों की नियुक्ति में रिश्तेदारों की भर्ती किए जाने संबंधी मामला भी उठाया गया। इस पर संबंधित विभाग के अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त धान लेने का कोई नियम नहीं है। इस तरह का मामला सामने आने पर कार्रवाई भी हुई । अगर कहीं अतिरिक्त धान लेने की शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी।

# एड्स दिवसः भ्रांतियां दूर करने का आह्वान

**बिलासपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में एचआईवी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने और जनजागरुकता लाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर रैली निकाली गई।

### विधायक और कलेक्टर को बांधी गई रेड रिबन



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला एड्स नियंत्रण इकाई द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल और कलेक्टर संजय अग्रवाल को स्वास्थ्य विभाग की टीम और सामाजिक संस्थाओं द्वारा रेड रिबन पहनाकर एड्स के प्रति सामाजिक जागरूकता में सहयोग की अपील की गई। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल और एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी के मार्गदर्शन में इस वर्ष की थीम व्यवधानों पर विजय पाए, एड्स की प्रतिक्रिया में सकरात्मक बदलाव लाए को केंद्र में रखते हुए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की गईं। विधायक अमर अग्रवाल और कलेक्टर संजय अग्रवाल को टीआई एनजीओ के सदस्यों के द्वारा रेड रिबन पहनाया गया। अमर अग्रवाल ने कहा कि समाज में एड्स के प्रति बहुत सी भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि विश्व एड्स दिवस सामाजिक जागरूकता का संदेश देता है। हम समाज और समुदाय को अधिक से अधिक एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूक कर सके ताकि लोग संक्रमण से बच सके। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने अपने संदेश में कहा कि समाज में एचआईवी, एड्स को लेकर कई तरह की रुकावटें और भ्रांतियाँ हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। लगातार प्रयास, सही जानकारी और समय पर उपचार से एचआईवी नियंत्रित किया जा सकता है। सिम्स, जिला अस्पताल, विभिन्न सामुदायिक केंद्रों में कार्यक्रमों, रैली, बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। जिले में कार्य कर रही विभिन्न सामाजिक संस्थाएं समर्पित, छत्तीसगढ़ प्रचार एवं विकास समिति द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### पंजाब नेशनल बैंक में आयोजित की गई कार्यशाला



विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन, पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय द्वारा व्यापार विहार शाखा में एचआईवी के बारे में भ्रांतियों को दूर करवाने, संवेदनशीलता व जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे उपस्थित सभी को एचआईवी संक्रमण, उद्देश्य और महत्व एचआईवी/एड्स से जुड़े डर, कलंक और गलत धारणाओं को कम करने और लोगों को सही चिकित्सा जानकारी देने, संक्रमित लोगों के अधिकारों की रक्षा, उनके साथ होने वाले भेदभाव का विरोध पर विस्तृत चर्चा करते हुए इस बीमारी से दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि प्रदान की गई।

एआईपीएनबीपीए के चेयरमैन ललित अग्रवाल ने बताया कि एचआईवी एक वायरस है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है। लंबे समय तक आधे अधूरे इलाज की वजह से यह संक्रमण एड्स के रूप में विकसित हो जाता है। एआईपीएनबीपीए के अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, सचिव रूपरतन सिंह व कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने पीएनबी प्रबंधन का आभार माना कि उन्होंने इस सामाजिक बुराई के निराकरण करने में उनके संगठन का भी सहयोग लिया। कार्यशाला में मंडल प्रमुख जगदीश रॉय, मुख्यप्रबंधक कमल किशोर झा, ललित अग्रवाल, सुरेंद्र चावड़ा, रुपरतन सिंह, कैलाश अग्रवाल, गजानन राठौड़, विजेंद्र पॉल, अल्बन टोप्पो, नवीन देवांगन, संतोष सिंह, के कर्माकर, रवि पटनायक, पार्थो घोष, अश्विनी सूद, रवि टण्डन, हरिहर देवांगन, मनीषा रॉय, विजय टोप्पो, गणेश यादव, असगर हसन खान, रामकुमार जायसवाल, नागोराव पुडके, सुकुमार विश्वास सहित बड़ी संख्या में जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। अंत मे शाखा प्रमुख गजानन राठौड़ ने आभार प्रदर्शन किया।

### रेड रिबन श्रृंखला बनाकर निकाली गई रैली




अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल केडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूता हेतु वालेंटियर द्वारा रेड रिबन श्रृंखला बनाकर तथा परिसर से शहर की ओर रैली निकाली गई।

इस दौरान नारे के माध्यम से लोगों को तथा क्षेत्र वासियों को एड्स के बारे में फैली भ्रांतियां को जागरूक करने का प्रयास किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. श्यामलाल निराला के दिशा निर्देश में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्का शुक्ला एवं हेमंत खरे सर के मार्गदर्शन में व्याख्यान, परिचर्चा आदि का कार्यक्रम वृहद पैमाने में संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं के बीच एड्स जागरूकता पर आधारी प्रश्नोश्तरी एवं क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने तथा महाविद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस दल नायक बालक साहिल टंडन, साहिल बारमते एवं महिला ईकाई की दल नायिका आरती सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा। सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं में उत्साहीत होकर कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया गया।

### सिम्स में जागरूकता नुक्कड़ नाटक

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सिम्स चिकित्सालय में एचआईवी से बचाव, जागरूकता और भ्रांतियों को दूर करने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं तथा विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने मरीजों और उनके परिजनों को एड्स से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराई। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं और संदीपनि अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा सेंटर, मरीज पंजीयन विभाग हॉल, आपातकालीन विभाग के सामने और गायनी ओपीडी के निकट नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शन किए गए। डॉ प्रभात कुमार श्रीवास्तव, योगेश जड़िया, सारिका पटेल , कल्पना लकड़ा, अंशुलता, ललिता सिंह, नंदकिशोर पटेल, राधाकृष्णन तिवारी ने विभिन्न विभागों में जाकर लोगों को विस्तृत जानकारी दी। नर्सिंग विभाग से असिस्टेंट नर्सिंग सुपरीटेंडेंट नमिता वाणी, राजकुमारी, पुष्पलता शर्मा और संजू चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ मधुमिता मूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मरीजों एवं परिजनों को एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण चिकित्सा पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण को लेकर लोगों में अब भी कई तरह की गलत धारणाएँ हैं। चिकित्सा क्षेत्रों में संक्रमण की रोकथाम, सुरक्षित रक्त संक्रमण, सुइयों का सुरक्षित उपयोग और सार्वभौमिक सावधानियों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

### सेल्फ हेल्प एजुकेशन एंड रिसर्च संस्था का जागरूकता कार्यक्रम

सेल्फ हेल्प एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान की ओर से लक्ष्य हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला अधिकारी संजय अग्रवाल को रेड रिबन लगाकर किया गया। कार्यक्रम में विभाग शहर की विभिन्न शालाओं, आटो स्टैंड एवं थानों में पहुंचकर आमजन को संक्रमण के कारणों रोकथाम के उपायों तथा इससे जुड़े मिश्रकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान में परियोजना प्रबंधक अनुराधा मिश्रा एमई एंथनी, एंड्रयू काउंसलर, लोमेश गौरव, राजेश्वरी, जमुना, दीपक नारायण, श्रेय सुनील, अभिषेक राजा सहित संस्था के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। संस्था ने नागरिकों से जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कर अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखने अपील की।

### तोखन ने रक्षामंत्री राजनाथ से की मुलाकात

**बिलासपुर।** नई दिल्ली में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री साहू ने बैठक में विगत दो तिमाहियों की कर्तव्य विवरण की पुस्तिका प्रस्तुत किया और बिलासपुर एयरपोर्ट में सेना की भूमि और सुविधाओं के उन्नयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने एयरपोर्ट के विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत करने हेतु रक्षा मंत्रालय के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।



### प्राचार्य पदोन्नति पर शिक्षक संघ ने जताया आभार



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला इकाई की मासिक बैठक राजेंद्र नगर स्कूल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में प्राचार्य पदोन्नति टी व ई संवर्ग की काउंसलिंग के लिए शिक्षा मंत्री का हार्दिक आभार जताया गया। साथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं आमंत्रित की गईं।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सहायक शिक्षकों के समय मान वेतनमान, प्रदेश स्तरीय चौथे समयमान वेतनमान, प्रधान पाठकों की पदोन्नति, पात्र छूटे हुए शिक्षकों के समय मान वेतनमान जारी करवाए जाने, मोदी की गारंटी लागू किए जाने, गैर शिक्षण की कार्यों से मुक्ति, अर्जित अवकाश का नगदीकरण 240 दिन से बढ़ाकर 300 दिन किए जाने संबंधी मांगों पर चर्चा की गई।

#### अवकाश में कराए जाते हैं विभिन्न कार्य

बैठक में कहा गया कि ग्रीष्मावकाश में कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न कार्यों को सम्पन्न किया जाता है। कभी चुनाव, कभी ग्राम सुराज अभियान आदि के कारण कर्मचारियों को रोका जाता है, वे सब सेवा पुस्तिका में इंद्राज नहीं हो पा रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार गुप्ता उप प्रांताध्यक्ष , अध्यक्षता राजेंद्र कुमार श्रीवास तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन मंत्री अनिल गौरहा उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित कुमार भांगे तथा आभार प्रदर्शन रमेश तिवारी ने किया. इस इस अवसर पर दिलीप कुमार शर्मा जयप्रकाश जयप्रसाद ध्रुव. परितोष बाजपेई, संतोष तिवारी, शंकर नामदेव नॉर्वे लता एक्का, मधुसूदन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

#### डाइट, बीटीआई के शिक्षकों को नहीं मिलती पुनर्नियुक्ति

डाइट, बीटीआई पीजीबीटी, सीटीई में कार्यरत शिक्षकों, व्याख्याताओं को बीच सत्र में रिटायर होने पर सत्रांत तक पुर्ननियुक्ति नहीं दी जाती, जबकि ये कर्मचारी भी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं, इन्हें किसी प्रकार का प्रतिनियुक्ति भत्ता नहीं मिलता, शिक्षा विभाग के समान ही सेवा शर्तें होती हैं। आज की बैठक में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। इसे एक ही विभाग के कर्मचारियों के साथ किया जा रहा दोहरा व्यवहार करार दिया गया।

### शांतिनिकेतन स्कूल में आनंद मेला आयोजित



**बिलासपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल पंजाबी कालोनी दयालबंद में आनंद मेला एवं फैँसी ड्रेस, मेहंदी, दीया, राखी, ड्राइंग, क्ले मेकिंग, राधाकृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि समिति की अध्यक्षा श्रीमती रेखा गुप्ता एवं संचालक सदस्य श्रीमती नेहा गुप्ता थे। श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता के साथ पढ़ाई को अपने व्यवहारिक जिंदगी में उतरना चाहिए। श्रीमती नेहा गुप्ता ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिता में बच्चों का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा, जिन्होंने बहुत ही लाजवाब व्यंजन बनाए। आनंद मेले में कक्षा तीसरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लेकर सैंडविज, अप्पे, पास्ता, इडली, डोसा, चना चटपटे, समोसा, मैगी, बड़ा, बर्फ गोला, भेल, मंगोड़ी आदि व्यंजनों का स्टाल लगाया। वहीं आयोजित की गई मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों में त्रिशा केंवट, नम्रता नाथ, त्रिखा कश्यप, सृष्टि कैवर्ट, झिलमिल कश्यप, उपासना दीवान, अर्शप्रीत कौर, नंदिनी कश्यप, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम दास मानिकपुरी, त्रिशा केंवट, समयारा गोरख, उर्वशी समुंद, उपासना दीवान, बुलबुल प्रधान, प्रशांत वर्मा, अंक्रीका कमल, आंचल राज, दीया मेकिंग में हर्षिता यादव, अनन्या कश्यप, कर्तव्य वर्मा, डॉली कश्यप, प्राची मानिकपुरी, मानसी कौशक, प्रियंका साहू, राधा कृष्ण सहित अन्य प्रतियोगिता में छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## एसईसीएल मुख्यालय में वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन

# तकनीकी प्रशिक्षण के साथ जागरूकता पर देना होगा ध्यानः दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक से 14 दिसम्बर तक आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन सोमवार को एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक कार्मिक बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराकर किया।




मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि हम सभी को मिलकर शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करते रहने होगा। सभी को जाने-अनजाने कोई भी ऐसा काम नहीं करना है, जिससे हमारी या हमारे साथियों की जान जोखिम में पड़ जाए। सुरक्षा सभी की ज़िम्मेदारी इस विचारधारा के साथ हमें कार्य निष्पादन करना होगा। खदान में शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें हरसंभव प्रयास करने के साथ खदानों में कर्मियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना होगा। निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होने सुरक्षा लक्ष्य के प्राप्ति के लिए कार्यसंस्कृति में अनुशासन और अभिवृत्ति पर ज़ोर दिया। सुरक्षा पखवाड़ा सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने, हमारे कर्मियों के प्रयासों को सम्मान देने एवं सुरक्षा को लेकर नए मापदंड स्थापित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रारंभ में अतिथियों द्वारा शहीद स्मारक व खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में शहीद श्रमवीरों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंचस्थ अतिथियों ने सुरक्षा से समृद्धि बुकलेट में सुरक्षा मानकों का उल्लेख का विमोचन किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मनोज कुमार महाप्रबंधक सुरक्षा एवं बचाव ने किया। इस अवसर पर कुसमुंडा क्षेत्र टीम ने सुरक्षा विषय पर नाटक का मंचन किया, जिसमें खदान में कार्य दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक कार्मिक बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने एसईसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों में सुरक्षा संदेश के प्रसार-प्रचार के लिए सुरक्षा रथ को फ्लेग आफ कर रवाना किया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व शेख जाकिर हुसैन मुख्य प्रबंधक पर्यावरण ने निभाया।

बिजनेस प्लस

### होलसेल हफ्ता में रविवार को जमकर खरीददारी

**बिलासपुर।** शहर के पसंदीदा रिटेल चेन अपनामार्ट का मासिक ऑफर रविवार से चालू हो गया। पहले ही दिन ग्राहकों ने ज़बरदस्त शॉपिंग की। अपना मार्ट के स्टोर के साथ साथ ऑनलाइन भी ऑर्डर्स में बड़ा उछाल मिला। इस बार अपनमार्ट का उद्देश्य ग्राहकों को सर्दियों की सारी शॉपिंग होलसेल रेट में कराना है, जिसमें सूप, शहद, घी, ड्राई फ्रूट, चय्वनप्राश सहित अनेक आइटम पर 50 फीसदी से भी ज़्यादा तक की छूट रहेगी। इसके साथ ही साथ ही राइस मेला भी है, जहां पर अलग-अलग तरह के चावल सबसे सस्ते दामों पर मिलेंगे। अपनामार्ट के स्टोर्स होलसेल हफ्ता के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनामार्ट के प्रबंधन ने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वो होलसेल हफ़्ता में आएं और महीने भर का राशन होलसेल रेट में ले जाएं।



बैठक

## पथ संचलन 21 को, वंदे मातरम मित्र मंडल करेगा आयोजन



**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल की 225 वीं साप्ताहिक बैठक तारबाहर स्थित आत्मानंद शाला कैंपस में आहुत की गई। इसमें बताया गया कि 21 दिसंबर रविवार को वन्दे मातरम मित्र मंडल द्वारा सामाजिक समरसता हेतु तारबाहर क्षेत्र में पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। सभी मित्रों से केसरिया जैकेट में शामिल होने की अपील की गई है। महेंद्र जैन ने कहा कि बैठकों में आकर सतत सनातनियों को आपसी संपर्क करते रहना चाहिए। सनातनियों के एकजुट होने का एकमात्र जरिया बैठक हो सकता है। वन्दे मातरम यही जोड़ने का कार्य कर रहा है। संचलन हेतु केसरिया जैकेट मात्र 4 रूपए में साप्ताहिक बैठकों में उपलब्ध रहेगी। धीरेन्द्र केशरवानी ने वंदे मातरम मित्र मंडल के कार्यों की सराहना की और कहा कि 21 दिसंबर को होने वाले पथ संचलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने अभी से प्रयास करना होगा।

शिविर

## अभियांत्रिकी महाविद्यालय में युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों से अवगत कराया



**बिलासपुर।** शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेमरताल में 7 दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमताका विकास, नशा उन्मूलन तथा एन. एस. एस. के राष्ट्रीय मूल्यों के प्रसार को प्रोत्साहित करना था। शिविर की संपूर्ण गतिविधियाँ विद्यालय प्रांगण एवं ग्राम समुदाय के सहयोग से संपन्न हुईं। प्रो. मनेश कुमार मंडावी एवं प्रो इंद्राणी बोरकर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा आवास, बैठक व्यवस्था, संसाधन प्रबंधन एवं आगामी सात दिनों की गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं रखरखाव किया गया। स्वयंसेवकों को प्रेरणादायक उद्बोधन प्राप्त हुआ।

आयोजन

## एआई कार्यशाला में प्रतिभागियों को उन्नत उपयोग से अवगत कराया



**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया शाखा द्वारा स्किल एनरिचमेंट समिति के तत्वाधान में एआई विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन आईसीएआई भवन में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन कौशल, तथा एमएस एक्सेल  के उन्नत उपयोग से अवगत कराना था, ताकि वे बदलते तकनीकी परिवेश में स्वयं को अधिक दक्ष और सक्षम बना सकें। कार्यक्रम में अनेक सदस्यों  ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता सीए हरप्रीत कौर होरा एवं सीए कपिल सचदेव द्वारा एआई के व्यावहारिक उपयोग, ऑटोमेशन टूल्स, डेटा एनालिटिक्स, तथा एक की एडवांस फंक्शंस पर अत्यंत महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान कई प्रश्न पूछे और इंटरैक्टिव प्रायोगिक गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यक्रम

## हिन्दी के अधिकतम उपयोग का किया आव्हान



**बिलासपुर।** काशी साहित्य महोत्सव में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य संगोष्ठी संपन्न हुई। डॉ संजय अनंत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में आर्थिक क्षेत्र में हिन्दी के अधिकतम उपयोग का आव्हान किया। हिन्दी की निरंतर महत्वपूर्ण होती वैश्विक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ संजय अनंत  को निष्काम हिन्दी की सेवा और संवर्धन के लिए उन्हें सभा ने सर्वसम्मति से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी सम्मानित कथाकार डॉ अरुणिमा दुबे थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए काव्य साधकों ने श्रेष्ठ रचनाओं के पाठ  से  इस साहित्य सभा सफल बनाया। इनमें बस्ती से पधारे हिन्दी गजलकार अजीत श्रीवास्तव, भोपाल से अरविंद कुमार, डॉ माधुरी सिंह, कंचन सिंह, हर्ष श्रेष्ठ दिल्ली से उत्तम कुमार मुंबई की विशेष उपस्थिति थी। साहित्यकार कंचन सिंह परिहार इस संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि थे।

# मोक्षदा एकादशी पर निकाली गई भव्य निशान यात्रा

घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर श्रीराम मंदिर तिलकनगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें गायक कलाकारों ने भगवान श्याम पर आधारित एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर तिलकनगर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। इस दौरान श्याम भक्त हाथों में निशान लिए हुए चल रहे थे। मंदिर पहुंचने पर भक्तों ने पूरे 151 निशान को चढ़ाया। वहीं एकादशी के उपलक्ष्य में भगवान श्याम का तुलसी, आर्किड, सेवंती, गेंदा, रजनीगंधा के 101 किलो फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा कर प्रसाद बांटे गए।



### भगवान श्याम का फूलों से श्रृंगार, कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति



### एकादशी व्रत का है काफी महत्व

विष्णु पुराण और पद्म पुराण में मोक्षदा एकादशी व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। मोक्षदा एकादशी सब पापों का नाश करने वाली है। इस दिन तुलसी की मंझरी, धूप-दीप से भगवान दामोदर का पूजन करना पुण्यदायी होती है। इस रात नृत्य, गीत जागरण करना भी अच्छा माना जाता है। प्रत्येक वर्ष 24 एकादशी होती है। जब अधिकमास या मलमास आने पर इसकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोक्षदा एकादशी कहा जाता है।

### इसलिए नाम पड़ा मोक्षदा

मोक्षदा नाम इसीलिए पड़ा है क्योंकि इस दिन किया गया व्रत और पूजा पितरों को भी मोक्ष प्रदान करती है। यही कारण है कि लोग इस दिन भगवान विष्णु को समर्पित व्रत रखकर अपने पूर्वजों का कल्याण करते हैं। यह व्रत मनोकामना पूर्ति और अंततः मोक्ष की प्राप्ति में सहायक होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस एकादशी का व्रत मन को सत्त्व गुणी बनाती है। जिससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। मोक्षदा एकादशी का व्रत रखने से ग्रहों का अनुकूल प्रभाव पड़ता है। इस व्रत के प्रभाव से पितृ दोष समाप्त होते हैं। पूर्वजों को शांति मिलती है।



# सीएमडी में टेक फेस्ट, प्रतिभाओं को मिलेगी प्रेरणाः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएमडी कॉलेज में दो दिवसीय टेक फेस्ट का शुभारंभ हुआ,इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर  पूजा विधानी,शासी निकाय के सदस्य श्रद्धा दुबे एवं विशेष निर्णायक के रूप में डॉ प्रेमलता वर्मा, डॉ अनामिका शुक्ला उपस्थित थी।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ तकनीकी क्षेत्र में नए प्रयोग करने की प्रेरणा देते हैं। छात्रों द्वारा खेल, साइंस मॉडल का प्रदर्शन,रंगोली, पोस्टर इत्यादि विधा पर यह फेस्ट हो रहा है। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर शानदार रंगोली बनाई गई जिन्हें देखकर मुख्य अतिथि ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि ऐसी कला को विकसित करना जरूरी है। डॉ संजय दुबे ने कहा कि महाविद्यालय खेल एवं नवीन तकनीकी विज्ञानकी शिक्षा के प्रति सदैव अग्रसर रहा है,महाविद्यालय में खेल की समस्त सुविधाएं विद्यमान है छात्र-छात्राएं इनका लाभ ले रहे हैं। श्रद्धा दुबे ने कहा कि समस्त खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देती हूं,कि वह खेल में भाग ले और अपनी पढ़ाई को पूरा करते हुए तेजी से आगे बढ़े क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक होता है। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष खेल एवं साइंस मॉडल का प्रदर्शन किया जाता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ हर्षा शर्मा, सुनीता असाटी, एस पावनी के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता एवं साइंस मॉडल का अनुशासन प्रिय ढंग से प्रदर्शन व आयोजन किया गया।





## सेनानी परिवारों के लिए छत्तीसगढ़ का संगठन प्रेरणा बनेगा



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ ईकाई के अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल, कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी तथा उनके सहयोगियों ई रमेंद्र राव बाबा भैय्या, डॉ शकुंतला जितपुरे के पुरुषार्थ ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद सम्मान यात्रा ने ऐसी अमिट छाप छोड़ी कि देश के अन्य प्रान्तों से आए पराक्रमी भाई बहनों सहित उपस्थित जन देशभक्ति के प्रवाह में आकंठ डूब गए। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि जितेन्द्र रघुवंशी ने किया, वन्देमातरम राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन उपरांत डॉ शकुन्तला जितपुरे, ई.रमेंद्र राव बाबा तथा संयोजक चन्द्र प्रकाश वाजपेयी ने स्वागत उद्बोधन किया।

संगठन परिचय प्रथम उद्बोधन करते हुए राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री द्वारा आजादी के शताब्दी समारोह तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों का भारत बनाएंगे की घोषणा की गई थी, बाद में भी विभिन्न मंचों से माननीय प्रधानमंत्री ने इस संकल्प को दोहराया, किन्तु स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपने क्या थे, यह जानकारी सरकार को कहां से मिलेगी। यह तो उनके वंशज ही बता पाएंगे, अतः केन्द्र एवं राज्य सरकारों को चाहिए कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों को अपने सहयोगी के रूप में उचित स्थान दे। अभी तक सार्थक कदम न उठाने से देश भर के लगभग दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों के उत्तराधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है रघुवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने अपनी संयुक्त शक्ति का एहसास सरकार को कराने के लिए हर महीने प्रथम रविवार दस बजे दस मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया है।

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों को आश्वासन दिया कि हमें जो अधिकार पत्र मुख्यमंत्री के लिए दिया गया है, उसका संज्ञान लेकर स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों के हितों की रक्षा के उचित कदम उठाने का आग्रह करेंगे। इन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की पट्टिका वन्दे मातरम उद्यान में लगाकर इन बलिदानियों की गाथा को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाने का हमने प्रयास किया है।

## राज्य अलंकरण से सम्मानित सदस्यों का सम्मान



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की नवंबर माह की मासिक बैठक अनुभव भवन में संपन्न की गई। जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य बलवीर चावला उपस्थित थे, उन्होने  कहा कि वरिष्ठजनों के अनुभव का लाभ समाज को मिलना चाहिए। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया राज्य अलंकरण से सम्मानित राजेंद्र अग्रवाल राजू जिन्हें सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महाराज अग्रसेन सम्मान एवं डॉ विनोद कुमार वर्मा को लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार उप राष्ट्रपति सीपी राधा कृष्णन द्वारा सम्मानित सदस्य को संस्था द्वारा शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राघवेंद्र दीवान, संपादित पत्रिका अनुभवम का विमोचन किया गया। बैठक में नवप्रवेशी सदस्यों नवंबर माह के जन्म दिन वाले सदस्यों एवं शादी की वर्षगांठ वाले सदस्यों का उपहार देकर सम्मान किया गया। बैठक का संचालन सचिव डॉ सत्यभामा अवस्थी एवं सह सचिव बालगोविंद अग्रवाल ने किया। बैठक के प्रारंभ में अरविंद दिवकीर्ति एवं साथियों द्वारा वंदे मातरम गीत का संगीत के साथ गायन किया गया .।बैठक में वरिष्ठ नागरिक संघ फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश देवरस विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार कोषाध्यक्ष डी पी गुप्ता ने प्रगट किया। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष डी के शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य नित्यानंद अग्रवाल, डॉ सुधाकर बीबे, वाई डी दीवान,सुरेंद्र शर्मा, हरीश मगर, आनंद डिग्रस्कर, रामनारायण राव, प्रेमलता राजपूत, शीला शर्मा, प्रवेश पूरी, निर्मल अग्रवाल, रामशंकर शुक्ला राधा किशन अग्रवाल, शंकर सिंहा सहित 80 सदस्य उपस्थित थे।

स्पोर्टर्स न्यूज

## कबड्डी में बिलासपुर की टीम ने जीता खिताब

**बिलासपुर।** कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में हिरमि बलौदाबाजार को 36 अंकों से हराकर कबड्डी का साल  का 29वां खिताब अपने नाम किया। कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हिरमि बलौदाबाजार में हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 38 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता में कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा बिलासपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में मेजबान टीम हिरमि बलौदाबाजार को 50-14 के मुकाबले 36 अंको से हराकर कबड्डी में दबदबा कायम रखा है। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नवागढ़ बेमेतरा को 52-13 के मुकाबले 29 अंको से हराकर फाइनल मे पंहुचा था।



**विजेता टीम को 15 हजार व ट्रॉफी मिली**

मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 15 हजार रु व ट्रॉफी और उपविजेता टीम हिरमि को 10 हजार रु व ट्रॉफी,  तृतीय पुरस्कार नवागढ़ टीम को 7 हजार रु व ट्रॉफी व चतुर्थ पुरस्कार चीखली टीम को 5 हजार रु व ट्रॉफी प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संस्कार मिश्रा को चुना गया उसे रेंजर साइकिल दिया गया, बेस्ट रेडर हिरमि टीम के रोशन ध्रुव को चुना गया। उसे होम थिटर से नवाजा गया बेस्ट कैचर बिलासपुर टीम के नितेश साहू को चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल हिरमि विरुद्ध चीखली राजनांदगाव के मध्य खेला गया, जिसमें हिरमि ने 18-8 के मुकाबले में 10 अंको से जीत दर्ज कर फाइनल मे प्रवेश किया था। विजेता टीम में  मनीष यादव (कप्तान), संस्कार मिश्रा, राहुल, घनश्याम राठिया, नितेश साहू, मूलचंद साहू, गोविन्द, विशाल व अभय आदि  टीम में शामिल थे। खिलाड़ियों के  विजेता होने पर प्रदीप यादव, जीवन मिश्रा, सौरभ राय, हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू, अवध राम चंद्राकर, जितेंद्र सराफ, राय सिंह यादव, मनोज सिदार ने शुभकामनाएं दी।

## एथलेटिक्स संघ की कार्यकारिणी का गठन



छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की वार्षिक आमसभा संपन्न हुई। सभा में सभी जिलों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। सर्वसम्मिति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी,कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार राय का निर्वाचन किया गया। मुख्य एजेंडा एएफआई संविधान पर चर्चा सभा के प्रमुख एजेंडे में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया  के संविधान को अपनाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बहुत शीघ्र ही संविधान को छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया जाएगा। यह निर्णय संघ को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीनियर महिला-पुरुष वॉलीबॉल 25 से



20 वी सीनियर महिला, पुरुष राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25 दिसंबर से 28 दिसंबर  भिलाई में होना है। बता दे इंटर डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल सीनियर महिला टीम का चयन  4 दिसंबर की सुबह दस बजे पिंक मैदान जीडीसी कॉलेज में होगा एवं पुरुष सीनियर टीम का चयन 8 दिसंबर को दो बजे हिर्रीमाइंस मैदान में होगा। उक्त जानकारी जिला वॉलीबॉल संघ बिलासपुर के सचिव राजेंद्र कुमार चंद्रा के द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक खेल महोत्सव में शामिल होंगे सुशांत

**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा और सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार होंगे। यह जानकारी विद्यालय की डायरेक्टर नसीम विरानी और प्राचार्य तारा गिरी ने दी।

### अधिवक्ता लाल ने बढ़ाया नगर का मान

**करगीरोड कोटा।** अधिवक्ता डॉ अर्पित लाल को नई दिल्ली में संविधान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया, उनकी इस उपलब्धि ने नगर को गौरवान्वित किया है। डॉ अर्पित लाल वरिष्ठ अधिवक्ता हैरिस लाल और शासकीय व्याख्याता अर्पणा लाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं। वे वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ देश की विभिन्न उच्च न्यायालयों एवं निचली अदालतों में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं। बात डॉ अर्पित लाल लॉ में गोल्ड मेडलिस्ट हैं, और उन्होंने केरल न्यायिक सेवा परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की।

## निधन

### गुलजारी लाल गुल्ला



**बिलासपुर।** नेहरू नगर जब्बल गली बिलासपुर निवासी गुलजारी लाल गुल्ला 73 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे गौरव, गरिमा के पिताजी, मदन मोहन, श्याम लाल, कुंदन लाल के भाई थे।

### पवन कुमार बदौलिया



बिलासपुर। उसलापुर निवासी रेलवे के रिटायर्ड इंजीनियर पवन कुमार बदौलिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### संगीता गुप्ता



**बिलासपुर।** तेलीपारा निवासी डा. महेंद्र गुप्ता की पत्नी संगीता गुप्ता का 1 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित देवकीनंदन मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. महावीर प्रसाद गुप्ता की बहू, शैलेंद्र गुप्ता (गुप्ता अंब्रेला गोलबाजार) की भाभी व बंटू, मंटू, रोशन व शुभम (गुप्ता ब्रदर्स गोलबाजार) एवं डा. दिव्या की चाची थीं।

### जयराम श्रीवास



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह (नगपुरा परिवार) निवासी जयराम श्रीवास का 80 वर्ष की आयु में 1 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि मोपका स्थित मुक्तिधाम में की गई। वे पप्पू श्रीवास, भुवनेश्वरी श्रीवास के पिता एवं गोलू, किस्सू के दादा थे।

### जीपीएम जिले में मना अधिकारी कर्मचारी स्नेह मिलन समारोह

# जिले को विकसित करने अधिकारी कर्मचारी समर्पित भाव से करें कर्तव्य का निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेण्ड्रा



जिले के सभी विभागों के समस्त अधिकारी कर्मचारी संगठनों के द्वारा 30 नवंबर को इंदिरा उद्यान पेण्ड्रा में 'अधिकारी कर्मचारी स्नेह मिलन समारोह' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीपीएम जिले के एसपी एसआर भगत ने कहा कि, जीपीएम जिले को विकसित जिला बनाना है। इसके लिए सभी अधिकारियों कर्मचारियों को समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, प्रशंसा योग्य कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए और आलोचना योग्य कार्य की आलोचना भी होनी चाहिए, जिससे कि आलोचना के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्यों में सुधार ला सकें। उन्होंने कहा कि, हम सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी को एकजुट रहना चाहिए।

- **अधिकारियों कर्मचारियों की एकजुटता से संगठन को मजबूती तभी मिलती है: डीईओ**

कार्यक्रम के संयोजक जीपीएम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी व कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संरक्षक रजनीश तिवारी ने कहा कि, संगठन में बहुत ताकत होती है। संगठन को मजबूती तभी मिलती है, जब पदाधिकारियों के साथ कर्मचारी भी उनका साथ देते हैं। उन्होंने संगठन में कार्य करने का अनुभव साझा करते हुए बताया कि, हम लोग उस समय से संगठन में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं, जब छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले मध्य प्रदेश के समय सिर्फ चार संगठन हुआ करते थे। हमारे संगठन का भोपाल में जब भी प्रदर्शन होता था तो, मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भीड़ में बिलासपुर जिले की अलग पहचान दिख जाती थी। उन्होंने कहा कि, इस तरह के आयोजन होते रहने से कर्मचारियों में काम के प्रति समर्पण और उत्साह बढ़ता है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समस्त विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की एकजुटता आती है। कार्यक्रम का संचालन अजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर जीपीएम जिले के एडिशनल कलेक्टर अमित बेक, एसडीओपी दंपत्ति दीपक मिश्रा व निकिता तिवारी मिश्रा, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. संजय शर्मा, कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंह, महासचिव आकाश राय, सत्य नारायण जायसवाल, कमाल खान, वैज्ञानिक राजेन्द्र वासुदेव, बीआरसीसी रामकुमार बघेल, अजय राय, संगठनों के जिलाध्यक्ष दिनेश राठौर, राज किशोर टंडन, मुकेश कोरी, अभिषेक शर्मा, प्रकाश रैदास, नारायण पैकरा, अजय सप्रे, मुकेश निषाद, मुकेश ठाकुर, अमिताभ चटर्जी, राकेश चौधरी, ओम प्रकाश सोनवानी, संजय नामदेव, जितेंद्र वासुदेव, प्रमोद राय, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, विपिन अग्रहरि, संजय सोनी, राजकुमार पटेल, प्रकाश बंजारे, रामप्रमोद तिवारी, छोटू लाल रात्रे, कन्हैया सोनवानी, किरण रघुवंशी, धर्मेन्द्र तिवारी, यज्ञ नारायण शर्मा, संजय राजपूत, अभिजीत पाठक, बैजन्ती पैकरा, सरोज कंवर, रश्मि नामदेव, निष्ठा ताम्रकार, स्वाति तिवारी, अनिता ताम्रकार, प्रतिमा पटेल, सावित्री लकड़ा, महंती, कैलाश लदेर, राजेश चौधरी, परसराम चौधरी, विश्वास केशरवानी, विश्वनाथ सोनी, पारस प्रधान, उदय चौहान, नारायण साहू, विजय साहू, परमेश्वर भास्कर, तेरसू चौधरी, गिरधर पैकरा, संतोष पैकरा, हमीद खान, उदय भारती, नरेश पात्रे, सुनील राय, विनय राठौर, गीतांजलि ठाकुर, संतोषी कैवर्त, तरूण नामदेव, विशाल ठाकुर, नागेंद्र सिंह, रितेश सिंह, अरविंद शुक्ला, संतोष कैवर्त, नरेंद्र पाल पैकरा, छोटेलाल बनवासी, राहुल कोरी, विक्रम भदौरिया, सहोद्रा पैकरा, संतोष प्रजापति, रमावती कंवर सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## रासेयो के स्वास्थ्य शिविर में 105 से अधिक ग्रामीणों की जांच



**सकरी।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की ओर से परसदा में ग्रामवासियों के स्वास्थ्य हित में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय बिलासपुर के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर में आयुर्वेद महाविद्यालय की चिकित्सक टीम में डॉ समीर तिवारी, डॉ अजय सिंह, डॉ अशर्फी लाल गुप्ता, डॉ श्वेता मार्को, डॉ प्रशांत निषाद, डॉ उमेश कुमार एवं डॉ भागवत कुमार आदि ने उपस्थित होकर विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण किए। शिविर में 105 से अधिक ग्रामवासियों ने रक्तचाप, मधुमेह, आंख, त्वचा एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं उन्हें आवश्यकतानुसार निशुल्क औषधियां प्रदान की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही चिकित्सकों ने ग्रामीणों को एड्स जागरूकता, रोकथाम के उपाय, स्वच्छता एवं संतुलित आहार के महत्व पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पंजीयन, व्यवस्था, स्वास्थ्य जांच हेतु मार्गदर्शन एवं औषधि वितरण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के आयोजन की ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार के निर्देशन में स्वयंसेवक तानुष, निखिल, अजय, मोईन, समृद्धि, परदेशी, महेंद्र, हेमलता, टेकचंद, देवेंद्र, रीना, पल्लवी, वर्षा, श्वेता, यश, निकिता, कीर्ति, प्रीती, जया, तानिया, संगीता, अंकिता आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

# 'सेवा एक पहल' की डिजिटल मुहिम, स्कूल को मिला स्मार्ट टीवी

## डिजिटल तकनीक बच्चों की सीखने की बढ़ाती है ताकतः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



कलेक्टर के द्वारा स्मार्ट टीवी को समर्पित करते हुए।

विद्यालयों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और बच्चों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण उपलब्ध कराने के क्रम में 'सेवा एक पहल' संस्था द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। इसके अंतर्गत विखं मस्तूरी के संकुल केंद्र कन्या स्कूल सीपत के अंतर्गत संचालित शासकीय, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल को बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्मार्ट टीवी समर्पित किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि, डिजिटल तकनीक आज उत्कृष्ट शिक्षा का सबसे सशक्त माध्यम बन चुकी है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे विषयों को रचनात्मक तरीकों से समझेंगे और उनकी सीखने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। स्मार्ट टीवी मिलने से विद्यालय में डिजिटल शिक्षण सामग्री, शैक्षिक वीडियो, प्रस्तुतीकरण जैसे आधुनिक साधनों का लाभ बच्चों को मिलेगा। यह पहल ग्रामीण अंचल के बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

डिजिटल तकनीक भविष्य की शिक्षा व्यवस्था का मजबूत आधार है। स्मार्ट टीवी से बच्चों की सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावशाली होगी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विजय टांडे, विखं शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन, तथा सेवा एक पहल संस्था के सदस्य सतराम जेठमलानी, रेखा आहूजा, विकास सुल्तानिया, मनोज सारवानी एवं लक्की घई उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने संस्था के सदस्यों को मोमेंटो प्रदान कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूरज क्षत्री विखं स्त्रोत समन्वयक मस्तूरी, प्रमोद कुमार पांडेय संकुल शैक्षिक समन्वयक कन्या सीपत, श्रीकांत श्रीवास संकुल शैक्षिक समन्वयक बालक सीपत, प्रधान पाठक रामकिशुन सूर्यवंशी, शिक्षक मोहन लाल बघेल सहित अन्य शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिक्षण होगा और अधिक रोचक : बीईओ

मस्तूरी विखं शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन ने कहा कि, शिक्षा के बदलते स्वरूप में डिजिटल माध्यम अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। स्मार्ट टीवी से शिक्षण और अधिक गुणवत्तापूर्ण, सरल एवं बच्चों के अनुरूप बन जाएगा। यह पहल बच्चों की सीखने की गति और समझ को नई दिशा देगी। संस्था का यह प्रयास सराहनीय है और भविष्य में इसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम देखने मिलेंगे।

### बच्चों के भविष्य की नई खिड़कीः पांडेय

संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि स्मार्ट टीवी विद्यालय के लिए तकनीक का नया द्वार है। इससे शिक्षक बच्चों को कठिन विषयों को भी सरलता से डिजिटल माध्यमों के जरिए समझा पाएंगे। यह केवल टीवी नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की एक नई खिड़की है। सेवा एक पहल संस्था तथा प्रशासन की यह पहल लंबे समय तक शिक्षा स्तर को मजबूत करेगी।

# विधायक सुशांत ने किया सड़क नाली निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लगरा



निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। विधायक सुशांत शुक्ला एवं वार्ड पार्षद जय वाधवानी ने गुलाब नगर क्षेत्र में 25 लाख की लागत से होने वाले 300 मीटर लंबी सड़क तथा नाली निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक एवं पार्षद ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। लंबे समय से जर्जर सड़क और जल निकासी की समस्या से परेशान वार्डवासियों के लिए यह कार्य बड़ी राहत लेकर आया है। इससे वार्डवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने बताया कि, बरसात के मौसम में यहां जलभराव और आवागमन में भारी दिक्कतें होती थीं, लेकिन अब समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, ट्रिपल इंजन की सरकार में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास का रथ तेज गति से लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि, सड़क, नाली, पेयजल, बिजली और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, और आने वाले समय में भी इसी तरह निरंतर विकास कार्य कराए जाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वार्ड 50 सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर मोहल्ले को पक्की सड़क और बेहतर जल निकासी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। पार्षद जय वाधवानी ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि, उनके सहयोग से वार्ड के अधूरे विकास कार्य तेजी से पूरे कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## गणना प्रपत्रों का एकत्रीकरकण पूरा डिजिटाइजेशन अंतिम चरण में

**मुंगेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जोरों पर जारी है। इस अभियान का उद्देश्य लोकतंत्र की बुनियाद को और मजबूत करना तथा मतदाता सूची का शुद्धिकरण कर सूची को अद्यतन करना है, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम न जुड़े। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण कर प्रपत्रों को वापस एकत्र किया जा चुका है, और डिजिटाइजेशन कार्य भी लगभग पूरा होने वाला है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, जिले में तक अब 99 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रें का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन हॉल के पास हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क नंबर 9406275535 जारी किया गया है। जिले के कोई भी मतदाता अपना नाम जुड़वाने या मतदाता सूची अद्यतन करवाने इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



खुड़िया मार्ग में बाबा डोंगरी के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिसमें बाइक चालक युवक की घटना स्तर पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। जानकारी के अनुसार खुड़िया चौकी क्षेत्र के ग्राम उरईकछार निवासी संजय पटेल 31 वर्ष पिता भागवत पटेल सोमवार को अपनी बाइक से खुड़िया जा रहा था। रास्ते में दोपहर 2:30 बजे ग्राम बाबा डोंगरी मुख्य मार्ग पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया एवं थोड़ी दोर में उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि, कड़ी मशक्कत के बाद मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कराया एवं पीएम के लिए भेज दिया।

## उद्यानिकी फसलों के बीमा के लिए आवेदन 31 तक

मुंगेली। जिले के किसान अपनी उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, बैगन, फलगोभी, पत्तागोभी, प्याज और आलू आदि के बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। इस हेतु बीमा कम्पनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि राजेश बिठल्ल मोबाईल नम्बर 6267049155 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि ताराचंद मोबाईल नम्बर 9617739731 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 6 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 3 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए 3 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए 3 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए 4 हजार रूपए और आलू के लिए 6 हजार रूपए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण पत्र व प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल होना नहीं चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र अनुसार बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# कांग्रेस ने किया ईडी का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कथित द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज की गई एफआईआर को राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए ईडी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, बस स्टैंड मरवाही में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष भानु ने ईडी की कार्रवाई को 'द्वेषपूर्ण एवं प्रायोजित' बताया। उन्होंने कहा कि "केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। ईडी को अपने संवैधानिक दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए।" इस मौके पर पूर्व विधायक केके ध्रुव, राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य अर्चना पोर्ते, पंकज तिवारी, राकेश मसीह, प्रफुल प्रकाश, हरीश राय, अशोक केवट, ममता पैकरा, रेखा तिवारी, शकुन यादव, चंद्रभान सिंह, मालती नेताम, लता परस्ते, परवीन शेख, पार्षद हलधर सिंह, कमाल खान, पवन नागवंश, शैलेन्द्र यादव, विजय वैष्णो, नारायण गुप्ता, कासिम खान, कामता बाबा, गुलाब ठाकुर, वीरेंद्र बघेल, विनय चौबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रतनपुर, दिनांक 19/11/2015
रा.प्र.क्र. ......
(ब-121/2024-25) मौजा ग्राम-रतनपुर
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार रोहिदास पिता लखनलाल जाति रोहिदास निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पुत्र चन्द्रप्रकाश का जन्म दिनांक 03.07.2014, दिव्यांशु जन्म दिनांक 28.06.2005, वेदप्रकाश जन्म दिनांक 07.07.2013, प्रियांशु जन्म दिनांक 04.07.2007 एवं पुत्री प्रज्ञा जन्म दिनांक 02.12.2018, दिव्या जन्म दिनांक 16.08.2010, विद्या जन्म दिनांक 05.08.2016 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगरपालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 05.12.2025 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 19.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता गौतम, उम्र-45 वर्ष, पति श्री सुमिरन दास गौतम निवासी - देवी नगर महाराणा प्रताप चौक, गुरूघासीदास नगर, वार्ड क्रं. 21, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत होकर उनसे प्राप्त सूचना एवं इकरारनामा के आधार पर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरी पत्नी के द्वारा श्री विजय कुमार देशमुख, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व. श्री एन.एस. देशमुख, निवासी- ई.डब्ल्यू.एस. 67, नेहरू नगर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के. नाम पर स्थित भूमि देवी नगर गली नं. 04, महाराणा प्रताप चौक, मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. बिलासुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 624/27, 624/152, 624/26 रकबा 1400, 435, 666 वर्गफुट कुल रकबा 2500 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मुझसे मो.नं. 9303093907 में संपर्क कर, लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा समयावधि पश्चात की गयी आपत्ति मान्य नही होगी। एवं मेरी पत्नी रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।
**भवदीय**
**सुमिरन दास गौतम**
**मो.नं. 9303093907**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202508071300002/अ-6(अ)/2024-25
ग्राम - उस्लापुर, तहसील सीपत,
राकेश कुमार शर्मा पिता रामकुमार शर्मा, निवासी ग्राम डंगनिया, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.). ...अपीलार्थी
विरूद्ध
सुशिल कुमार पिता दुलार निवासी ग्राम धनियां, तहसील सीपत जिला- बिलासपुर (छ.ग.).. ...उत्तरवादीगण
एतद् द्वारा ग्राम उस्लापुर, प.ह.नं 06, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर के उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि, आवेदक द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सीपत के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202506074900026 / अ-6 (अ)/2024-25, पारित आदेश दिनांक 24.06.2025 के विरूद्ध भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11.12.2025 के लिए नियत है।
अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा पक्षकार संजय अग्रवाल उम्र 52 वर्ष, पिता- राजेन्द्र अग्रवाल, निवासी-तोरवा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आकुन्डी पदमावती शास्त्री उम्र 65 वर्ष, पिता-ए. एस. शास्त्री निवासी-वीजियानगरम, आंध्र प्रदेश, के साथ भूमि मौजा खजरी, प.ह.नं. 18/27, खसरा नं. 58/21, रकबा (0. 014 हेक्टेयर) एवं 58/20 रकबा (0.014 हेक्टेयर) एवं खसरा नं. 87/27, रकबा (0.028 हेक्टेयर) कुल 0.056 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना दिया जा चुका है, निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के नाम पर किया जावेगा, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, राजस्व विभाग, थाना या अन्य किसी को कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वैध दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, रजिस्ट्री होने के पश्चात किया गया दावा आपत्ति अमान्य होवेगा। सो सूचना जाने
**Suvendu Naskar**
**Advocate**
**Addl./Offi.-Lal Khadan**
**Rly. Crossing Near Church,**
**Thana - Torwa Bilaspur (C G.)**
**मो. 98271-81564**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 27.11.2025
श्री विशाल नामदेव आत्मज चन्द्रिका नामदेव उम्र 29 वर्ष निवासी सुभाष नगर वा. क्र. 21 दर्जी मंदिर के पास गोंड़पारा थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी सबीना बेगम आत्मजा दीन मोहम्मद उम्र 25 वर्ष निवासी सोनी बाड़ा मुक्तिधाम के सामने, चिंगराजपारा थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 05.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

विशाल नामदेव

सबीना बेगम
**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

## खबर संक्षेप

### भथरी में चल रही संगीतमय रामायण, उमड़ रहे श्रद्धालु



**तखतपुर।** भथरी निवासी रामखेलावन पटेल के निवास पर संगीतमय रामायण का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास की 9 मानस मंडलियों ने भाग लिया गया। इस अवसर पर माता पार्वती के जन्म की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू, श्रीकान्त पटेल ने किया। इस अवसर पर लाला, रामू पटेल, चन्द्रप्रकाश पटेल, विद्याभूषण पटेल, सुखनंदन पटेल, रखी पटेल, मधु पटेल, उपसरपंच भात्मा राम बिरको, नरेश साहू, नारायण रजक, ढेलऊ पटेल, परसराम साहू तितरा राम पादव, दरस राम साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का किया गया शुभारंभ



**सीपत।** परसाही में रविवार को भव्य कलश यात्रा के संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। गोस्वामी परिवार की मां स्व कुंती देवी गोस्वामी की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर चित्रकूट के कथा वाचक पं श्रीकृष्ण गोपाल शास्त्री जी के मुखारविंद से प्रथम दिन भगवान का महात्म्य कथा वर्णन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में कैलाश-अन्नू गोस्वामी, ओम-स्वाती गोस्वामी हैं। आयोजन को सफल बनाने में आयोजककर्ता शिवरतन गिरी गोस्वामी, रतन गिरी गोस्वामी, हीरा गिरी गोस्वामी, नीलमणि गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, नंदनी लक्ष्मण गोस्वामी, कल्पना राजेश्वर गोस्वामी, नूतन विजय पुरी गोस्वामी, मंजू रामेश्वर गोस्वामी, सरोज जगन्नाथ गोस्वामी, पार्वती गोस्वामी, संतोषी गोस्वामी, रिया गोस्वामी, विजय गोस्वामी, विनय गोस्वामी, सृजल गोस्वामी, प्रफुल्ल गोस्वामी, मोक्ष गोस्वामी, देवव्रत गोस्वामी, दृष्टि गोस्वामी, मोटू गोस्वामी, शनि गोस्वामी, हेमंत गोस्वामी, वीर गोस्वामी, परी गोस्वामी, जागृति गोस्वामी सहित गोस्वामी सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान है।

### अधिवक्ता संघ चुनावः विभिन्न पदों के लिए नामांकन फॉर्म का वितरण



**तखतपुर।** समाचार के साथ तस्वीरं संलग्न है।
तखतपुर। अधिवक्ता संघ तखतपुर द्वारा कार्यकारणी वर्ष 2025-26 के लिए दो वर्षों हेतु निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा उपरांत सोमवार 1 दिसम्बर को निर्वाचन अधिकारी जुगलकिशोर पांडेय एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जनकराम प्रजापति ने विभिन्न पदों पर निर्वाचन हेतु नामांकन फार्म का वितरण किया। इसमें अध्यक्ष पद हेतु तीन नामांतरण फार्म प्रदीप तिवारी, सत्येन्द्र जायसवाल एवं छविराज क्षत्रिय एवं उपाध्यक्ष पद हेतु हिरेन्द्र कश्यप, पारथ सिंह ठाकुर एवं सचिव पद हेतु अजय सोनकर, मलय जहानी तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु नैन लाल साहू एवं सहसचिव हेतु दुर्गा सिंह ठाकुर, सांस्कृतिक सचिव हेतु रविकांत सोनी, कार्यकारणी हेतु कमशः रविशंकर कौशिक, सुखनंदन कश्यप, सनत कुमार यादव, भारत तोलानी, प्रदीप यादव, हरेश कश्यप, दीपक देवांगन, ललित यादव, श्रवण कुमार मिश्रा द्वारा नामांकन फार्म लिया गया। 3 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक नामांतरण फार्म जमा किया जाएगा। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी जुगलकिशोर पाण्डेय एवं जनकराम प्रजापति द्वारा दी गई।

### वाहनों से डीजल चोरी, शिकायत दर्ज

**तखतपुर।** क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर खड़े भारी वाहनों से लगातार डीजल चोरी की मामले शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर और बिलासपुर के बीच मुख्य मार्ग पर देर रात सड़क के किनारे खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मामले की शिकायत पर थानेदार विवेक पाण्डेय ने कहा कि, मुख्य मार्ग में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जाएगा और निश्चित रूप से चोर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने बताया कि, इसके बाद भी एहतियात के तौर पर पुलिस की गस्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई संदिग्ध मिले तो उन्हें थाने में लाकर पुछताछ की जाएगी।



### 7 लीटर अवैध शराब जब्त आबकारी विभाग की कार्रवाई



**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की ओर से ग्राम साल्हेघोरी में की गई छापा मार कर कार्रवाई में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 2.16 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त कर ली गई। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी त्रिभुवन मिरी को मौके से पकड़ कर उसके विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि, जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है, और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

### 350वें शहीदी दिवस पर गोष्ठी व गुरु तेग बहादुर वाटिका का लोकार्पण

# गुरु तेग बहादुर ने धर्म व मानवता की रक्षा के लिए दिया बलिदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सत्य धर्म और मानवता को लेकर चलने वाले गुरु तेग बहादुर साहेब ने अपनी कुर्बानी देकर भारत में मुगल शासकों के अत्याचार के खिलाफ शीश नहीं झुकाने की जो अलख जगाई, और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया, उसके कारण 350 साल बाद भी उन्हें सम्मान के साथ याद किया जाता है। हमारी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग बलिदान की जानकारी रखकर उन्हें एक प्रेरणा स्वरूप याद रखें, यही हमारा प्रयास होना चाहिए। गुरु तेग बहादुर की कुर्बानी को यही एक सबसे बड़ा सम्मान होगा। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित गोष्ठी एवं सिख समाज द्वारा निर्मित गुरु तेग बहादुर वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कही।

धर्मजीत सिंह ने आगे कहा कि, गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब जैसे आतताई शासक के खिलाफ अकेले खड़े होकर सत्य की रक्षा करते हुए अपने धर्म का पालन किया, और मानवता को अपनी कुर्बानी देकर जीवित रखा। उन्होंने आगे कहा कि, कि हमारी लड़ाई किसी जाति संप्रदाय से नहीं है। औरंगजेब और बाबर जैसे लोग हमारे कभी भी आदर्श नहीं हो सकते हैं, हमारे आदर्श एपीजे अब्दुल कलाम हैं। आज भी हमारे देश में औरंगजेब के कई अनुयाई हैं, जो हमारे देश में आतंक और विध्वंस फैलाने की मानसिकता से काम करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ आज भी पूरा देश एकजुट होकर उनके नापाक इरादों को नाकाम करने में जुटा रहता हैं। गुरु तेग बहादुर साहेब के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित गोष्ठी एवं सिख समाज द्वारा निर्मित गुरु तेग बहादुर वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ एवं विशिष्ट अतिथि को रूप में गुरु सिंघ सभा कमेटी प्रधान कुलवंत सिंह हूरा मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों ने रिबन काटकर गुरु तेग बहादुर वाटिका का लोकार्पण किया। अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि, आयोग द्वारा गुरु तेग बहादुर साहेब की शहीदी पर पूरे छत्तीसगढ़ में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता कराई गई, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां उनकी कुर्बानी से रूबरू रहें। साथ ही आयोग की ओर से और भी ऐसे कई प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, गुरु तेग बहादुर साहेब की शहीदी को यादगार बनाने के लिए उनके नाम से सिख समाज ने यह वाटिका भवन तैयार किया है। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि, हमारे गुरुओं का इतिहास ही त्याग बलिदान और रक्षा कर रहा है। आज भी सिख समाज उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए समय-समय पर उनके आदर्शों की प्रस्तुति करते रहते हैं। गुरु सिंघ सभा कमेटी प्रधान कुलवंत सिंह हूरा ने कहा कि, गुरु तेग बहादुर साहिब की स्मृति में तैयार यह वाटिका शादी घर बहुत ही वाजिब दाम पर सर्व समाज के लिए उपलब्ध रहेगा, ताकि सामान्य मध्यम परिवार के लोग भी वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों को बहुत ही अच्छे और भव्य ढंग से पूरी कर सके। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सिख समाज के प्रमुख वक्ता गुरुचरण सिंह बग्गा ने गुरु तेग बहादुर साहिब की जीवन से जुड़ी कई अनछुए पहलुओं का विस्तार से उल्लेख किया।





#### समाज प्रमुखों सहित अन्य अतिथियों का सम्मान

गोष्ठी एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान तखतपुर के सर्व समाज प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया, और उन्हें मंच से गुरु तेग बहादुर साहेब के शहीदी पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया गया। इसमें संकेत सैमुअल, विनोद तोलानी, कोमल सिंह ठाकुर, ईश्वर देवांगन, अनिरुद्ध द्विवेदी, सुरेंद्र प्रधान, पवन गुप्ता, परवेज भारमल आदि ने अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। सिख समाज द्वारा आयोजित सम्मान की श्रृंखला में समाज प्रमुखों, नगर पालिका के सभी पार्षदों एवं बिलासपुर, रायपुर से आए सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, मनदीप सिंह गंभीर, चरणजीत सिंह गंभीर, अजीत सिंह सलूजा, पाल होरा, गुरदीप टुटेजा को शाल एवं स्मृति चिन्ह के साथ अतिथियों ने सम्मानित किया। पूर्व नपा अध्यक्ष अमरिका कृष्णकुमार साहू द्वारा भवन के लिए एयर कंडीशन प्रदान करने पर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी के लिए गुरु का अटूट लंगर चला।

#### इनकी प्रमुख उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, मनदीप सिंह गंभीर, चरणजीत सिंह गंभीर, अजीत सिंह सलूजा, पाल होरा, गुरदीप टुटेजा, भगवंत सिंह मल्होत्रा, पृथ्वी पाल सिंह हूरा, मनजीत सिंह खनूजा, दयाल सिंह बग्गा, सचिव रमन पाल सिंह हूरा, अवतार सिंह गुंबर, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कौर मक्कड़, नपा उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, रविन्द्र खुराना, गुरुदयाल सिंह हूरा, हरजीत सिंह इच्छपुरानी, हरविंदर सिंह हूरा, राकेश मंदानी, मुकीम अंसारी, किशन सचदेव, मुरली रामानी, डिंपल मंगलानी, आत्मजीत मक्कड़, वरुण सिंह, अमित मंदानी, उपेंद्र खुराना, हरचरण सिंह हूरा, शिप्रा सैमुएल, विमला जांगड़े, ताहेर लक्ष्मीधर, अनिल शिवहरे, गुलजीत खुराना, जसपाल खुराना, हरपाल खुराना, मनजीत चंचल, हरिकिशन मक्कड़, राजेश सोनी, मनोज सोनी, श्याम जायसवाल, आयुष ठाकुर, बृजपाल सिंह हूरा, भगवती प्रसाद गुप्ता, राजू गुप्ता, शिवनाथ देवांगन, बिहारी देवांगन, संदीप पटेल, नर्मदा धुरी, अनुपमा अभिषेक पांडेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत रमन हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू सुरेश देवांगन, दिनेश देवांगन, चंद्र प्रकाश देवांगन, अंकित गुल्लू अग्रवाल, पूजा संजय गुप्ता, प्रियंका आहूजा, राहुल तिवारी, राकेश मिश्रा, अभिषेक सेमर सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के निर्देश पर निकली जागरूकता रैली



**मुंगेली।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में जिला एड्स नियंत्रण समिति की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दाउपारा से बालानी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, गोल बाजार होकर शासकीय बीआर साव विद्यालय में संपन्न हुई। रैली में विद्यार्थियों ने 'जागरूक बने, एड्स को हराने आगे आएं', 'सुरक्षित जीवन ही समझदारी' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और एचआईवी-एड्स से बचाव की जानकारी दी गई। जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर तक जिले में जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण के रूप में यह रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 175 विद्यार्थी इस शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा एड्स संक्रमण, सावधानियां, उपचार एवं हेल्पलाइन 1097 की जानकारी भी दी गई। उपस्थित सभी अतिथियों ने युवाओं से सुरक्षित व्यवहार अपनाने व समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। इस दौरान बीआर साव स्कूल के प्राचार्य पीसी दिव्य सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पदमपुर स्वास्थ्य केंद्र में मना विश्व एड्स दिवस



**मुंगेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। एचआईवी-एड्स अभी भी दुनिया की एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है, लेकिन साथ ही यह आशा, जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश भी देता है। डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि, एड्स एक वायरस है, जो हमारी प्रतिरोधक प्रणाली को प्रभावित करता है। यह धीरे-धीरे शरीर की रक्षा करने वाली कोशिकाओं को नष्ट करता है, जिससे सामान्य संक्रमण भी जानलेवा हो सकते हैं। एड्स एक अकेली बीमारी नहीं, यह सामाजिक कलंक, डर, असमंजस और अनियंत्रित अफवाहों के जरिए भी बढ़ती है। हमें खुलकर बातें करनी होंगी, गलत धारणाओं को खत्म करना होगा। इस अवसर पर सीमा पहारी, सुनीता मिरि, जलेश्वरी मिरि, मोनिका जांगड़े, सुधा, त्रिवेणी, किशोर, संतोष, रीना, रितेश, अंकिता उपस्थित रहे।

### पटेल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम





**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन समिति की ओर से 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार जायसवाल ने यह बताया कि, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1988 से एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष की थीम 'बाधाओं को दूर करना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना' है। प्राचार्य डॉक्टर एके शर्मा ने युवा वर्ग को एड्स बीमारी के प्रति जागरूक रहने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत रहने की बात की। उन्होंने कहा कि, जागरूकता ही इसके बचाव के उपाय हैं। अतिथि व्याख्याता डॉ जितेंद्र साहू ने एड्स के कारण एवं रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रेड रिबन क्लब की संयोजिका मनीषा कुर्रे ने कहा कि, एड्स दिवस यह न केवल पिछली प्रगति को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देता है, बल्कि एचआईवी सेवाओं को अधिक उपयुक्त, न्यायसंगत और समुदाय नेतृत्व वाला बनाने के लिए उन्हें बदलने की आवश्यकता पर भी जोर देता है।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर

**लोरमी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास सारधा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भर बनने तथा सुरक्षित रहते हुए देश के विकास में भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने कहा कि, बालिकाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने संविधान में प्रदत्त मूल अधिकार, बालिकाओं के संरक्षण हेतु पॉक्सो एक्ट, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018, खेल-कूद व्यायाम सहित विभिन्न विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के अंतर्गत इंटरनेट व सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों, साइबर सुरक्षा एवं उनसे बचाव के उपायों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, छात्राओं को दैनिक समाचार पत्र पढ़ने के लाभों से अवगत कराया गया। शिविर में विद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक एवं पैरा लीगल वालंटियर भी उपस्थित रहे।



### अनियंत्रित कार ने मारी दुपहिया वाहन को टक्कर

**तखतपुर।** तोज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दुपहिया चालक को टक्कर मार दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमलीकापा निवासी लाला बारमते ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, उसका भाई अनिल बारमते और उसकी मां सावन बाई दुपहिया से ग्राम फुलवारी जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार क्र सीजी 10 एएक्स 9161 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

## शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ का सम्मान



**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप जिले के बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संपादित कर रहे हैं। अभियान के दौरान ग्राम राजपुर की बीएलओ लक्ष्मीन बाई चौबे तथा अभिहित अधिकारी महेश ध्रुव ने शत प्रतिशत कार्य को पूरा किया। कलेक्टर ने दोनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बीएलओ चौबे ने बताया कि जिम्मेदारी, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने से डिजिटाइजेशन कार्य समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका। इसी प्रकार डोड़ा क्षेत्र में बीएलओ द्विजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा अभिहित अधिकारी भूपेंद्र कुमार धीरे ने भी अपने क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया। निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए कलेक्टर द्वारा उन्हें भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीएलओ ठाकुर ने बताया कि, टीमवर्क और निरंतर फील्ड निगरानी के कारण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर पूरा किया गया है। उन्होंने कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

## विवेकानंद विद्यापीठ में मनी गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अगहन मास के शुक्ल पक्ष का एकादशी पर विवेकानंद विद्यापीठ उमा विद्यालय में गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के लगभग 100 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन श्लोक गायन, निबंध, रंगोली व व्याख्यान की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निबंध में प्राथमिक स्तर पर भूमिका कश्यप प्रथम, महक यादव द्वितीय, लतेश्वरी साहू तृतीय, माध्यमिक स्तर पर मानवी सिंह ठाकुर प्रथम, नवीन साहू द्वितीय, कमलेश्वरी साहू तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर पूजा चंद्राकर प्रथम, मान्या सिंह ठाकुर द्वितीय, हेमलता सप्रे तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली में प्राथमिक स्तर पर सुरभि यादव प्रथम, दिशा कुंभकार द्वितीय, रितु सोनकर तृतीय, माध्यमिक स्तर पर डिम्पी यादव प्रथम, रुद्र सोनकर व भावना यादव द्वितीय, नवीन पैकरा तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर शिखा साहू प्रथम, नम्रता घृतलहरे द्वितीय, यामिनी सुप्रे व दिव्या यादव तृतीय स्थान पर रहे। श्लोक गायन में माध्यमिक स्तर पर सुषमा साहू प्रथम, चांदनी जोशी द्वितीय, भाविका देवांगन तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर चित्रंजलि साहू प्रथम, आरती पटेल द्वितीय, रुचि केशरवानी तृतीय स्थान पर रहे। व्याख्यान प्रतियोगिता में हिमांशी साहू प्रथम, पंकज चंद्राकर द्वितीय व प्रिया चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में गीता का पूजन, पठन, हवन तथा पं अयोध्या प्रसाद के श्रीमुख से श्री गीता का व्याख्यान किया गया। विहिप जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, सह मंत्री विहिप यशवंत सिंह, जिला मंत्री पद्मराज सिंह, जिला सह मंत्री मनोज मिश्रा, प्रकाश संतवानी, छग चेंबर ऑफ कॉमर्स महामंत्री कोमल शर्मा ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभागी छात्र–छात्रओं को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य पारथलाल कुलमित्र, सचिव स्वारथ कुलमित्र, सुखनंदन यादव व जगदीश देवांगन ने किया। इस अवसर पर शिक्षक–शिक्षिका एवं नागरिक उपस्थित रहे।





### राज्य स्तर तक पहचान बना सकते हैं गांव के खिलाड़ी

## पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीपत ने मारी बाजी

**सीपत।** ग्राम बनियाडीह में आयोजित बीसीसी पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर तथा विशिष्ट अतिथि किसान नेता प्रमोद जायसवाल, विकास अग्रवाल, सरपंच कविता तामेश्वर सिदार, अश्वनी कश्यप, सुखसागर श्रीवास, धरमलाल कौशिक, लोमन कश्यप उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीपत टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता टीम को सीआरडी कंस्ट्रक्शन एवं बनियाडीह पंचायत की ओर से 17 हजार 1 रुपए व विजेता शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सेलर टीम को जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर के हाथों 9 हजार 1 रुपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार बिटकुला टीम को बहुद्देशीय स्कूल खम्हरिया के संचालक अहमद मोमिन द्वारा 5 हजार 1 रुपए व कप, जबकि चौथे स्थान पर रही चारपारा टीम को भूतपूर्व शिक्षक जोगीराम सिदार से 3 हजार 1 रुपए प्राप्त हुए। इसके अलावा सेमीफाइनल मैन ऑफ द मैच 501 रुपए व कप तामेश्वर परसापाली की ओर से, फाइनल मैन ऑफ द मैच 501 रुपए व कप स्व गेंदराम श्याम की स्मृति में हेतराम श्याम के की ओर से, मैन ऑफ द सीरीज 1 हजार 1 रुपए व कप अश्वनी कश्यप अध्यक्ष बंधनइया कुर्मी समाज के द्वारा प्रदान किया गया। आयोजन समिति व सभी विजेता टीम को बधाई देते हुए जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि, आज मुझे बनियाडीह की इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता ने गर्व से भर दिया है। गांव की मिट्टी में इतनी प्रतिभा है कि सही दिशा मिले तो ये खिलाड़ी जिला नहीं, राज्य स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। किसान नेता प्रमोद जायसवाल ने कहा कि, खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है। सरपंच कविता तामेश्वर सिदार ने कहा कि, गांव में खेल आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि मिल-जुलकर आगे बढ़ने का संदेश होता है। आज हमारे युवा जिस उत्साह और खेल भावना के साथ मैदान में उतरे, वह बनियाडीह की पहचान को और मजबूत करता है। पंचायत हमेशा ऐसे आयोजनों को समर्थन देती रहेगी। आयोजन को सफल बनाने में विक्रम सिदार, मुकेश यादव, भानुप्रताप, सूर्यप्रकाश, रामशरण, देवा, विजय, नरेंद्र यादव, लिलेश्वर, मोंटी, केशव, संदीप, दिलीप, त्रिलोक सिदार, नंदकुमार राज, हेतराम श्याम सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।



## स्वयंसेवकों ने की संघ के गृह संपर्क अभियान की शुरूआत



**तखतपुर।** संघ शताब्दी वर्ष के द्वितीय चरण के तहत व्यापक गृह संपर्क अभियान की शुरुआत संघ के स्वयंसेवकों ने की। इसी क्रम मे स्वयंसेवक घर-घर जाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दे रहे हैं। इस कार्य को सुनियोजित करने हेतु उन्होंने अपने समस्त अनुषांगिक संगठनों, संघ परिचय वर्ग में तथा विजयादशमी संचलन में भाग लिए सभी स्वयंसेवक बंधु, श्रीराम मंदिर निधि संग्रह में लगे कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने बताया कि, बीते 100 वर्षों से संघ देशहित व जनहित में अग्रसर होकर कार्य कर रहा है। इस शताब्दी वर्ष में हम पंच परिवर्तनो के विषयों पर जन जागरण कर आम जनों को जागृत कर रहे हैं। इसमें सर्व प्रमुख स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध तथा पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। जन संपर्क महाभियान में संघ के स्वयंसेवक घर-घर पहुंच कर भारत माता के तैल चित्र, 'आओ बनाए समर्थ भारत' तथा संघ यात्रा के सौ वर्ष की सेवा पुस्तिका निशुल्क बांटी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### झांसा देकर युवती से 1 लाख रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** सस्ते में फ्रिज दिलाने का झांसा देकर एक युवती से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, कंट्रक्शन कालोनी निवासी लालिमा महंती अपनी बहन व अन्य युवतियों के साथ पार्टनरशिप पर थोक में इलेक्ट्रानिक सामान खरीदकर दुकानों में बिक्री करने का काम करती है। सोशल मीडिया में मार्केटिंग ग्रुप में दिए गए मोबाइल नम्बर में लालिमा से संपर्क किया तो उन्हें सस्ते दामों में फ्रिज दिलाने की बात कही गई। उसके बाद उनसे फ्रिज भेजने के लिए 1 लाख रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया गया। उसके बाद मोबाइलधारक ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 व 66 ग, 66 घ आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### धान मंडी के पास तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने तलवार लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश सेंडे ने बताया, सोमवार को सूचना मिली एक युवक सेमरताल धान मंडी के सामने हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर जय प्रकाश मानिकपुरी पिता स्व. रामायण दास मानिकपुरी 39 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दो सूने मकानों से जेवर नकद चोरी, दो पकड़े गए

**बिलासपुर।** दो सूने मकानों से जेवर व नकद रकम, मोबाइल चोरी करने वाले दो नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी के जेवर, नकद रकम, मोबाइल जब्त किया गया है।



सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 5 अक्टूबर 2025 को खमतराई आवासपारा निवासी लालाराम केंवट के सूने मकान से 7 हजार रुपए नकद, किराएदार के मकान से एक मोबाइल, दो नग नथनी, एक लाकेट, चांदी की चूड़ी, पायल की चोरी हो गई थी। इसी तरह खमतराई तीन पुलिया निवासी प्रकाश यादव 6 हजार रुपए नकद, सोने का मंगलसूत्र, दो मोबाइल की चोरी हो गई थी। पुलिस को पतासाजी के दौरान सूचना मिली कि खमतराई क्षेत्र के दो नाबालिग अनाप शनाप खर्च कर रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने उक्त दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकर कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी के गहने व मोबाइल व करीब 6 हजार रुपए जब्त किए गए हैं।

### दो साल बाद फरार आरोपी जेल से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जमीन खरीदी बिक्री के मामले में 14 लाख की ठगी करने के मामले में दो साल से फरार आरोपी को पुलिस ने केन्द्रीय जेल से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका भाई अब भी फरार है।
सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, वर्ष 2022 में अमेरी शैलेन्द्रनगर निवासी इंशात त्रिपाठी ने रिपोर्ट लिखाई। जमीन खरीदने का झांसा देकर उनसे जमीन का दस्तावेज लेकर तारबाहर अंबा टावर निवासी पंकज बाजोरिया, चेतन बाजोरिया ने उक्त जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 14 लाख रुपए लोन लिया था। पुलिस दोनों भाईयों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया था। घटना के बाद से दोनों भाई फरार थे।
पतासाजी के दौरान जानकारी मिली पंकज बाजोरिया किसी अन्य के मामले में केन्द्रीय जेल में बंद है। पुलिस ने कोर्ट पर प्रोडेक्शन वारंट जारी करा कर जेल से आरोपी पंकज बाजोरिया को गिरफ्तार फिर से जेल भेज दिया है। वहीं उसका भाई चेतन बाजोरिया फरार है।

**कई सुविधाएं कागजों में ही**

**शहर को बी क्लास सिटी का दर्जा तो मिल गया परंतु निगम में जुड़ने वाले लोगों को सहूलियतें नहीं मिलीं**

# निगम डेढ़ गुना अतिरिक्त राजस्व वसूल रहा, इधर नाम तो मिल गया, परंतु सुविधाएं नहीं



अटल आवास वार्ड नंबर 3 उसलापुर में कचरे का ढेर।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

नगर निगम में तिफरा नगर पालिका, सिरगिट्टी और सकरी नगर पंचायत तथा 15 ग्राम पंचायतों मंगला, उस्लापुर, अमेरी, घुरू, परसदा, दोमुंहानी, देवरीखुर्द, मोपका, चिल्हाटी, लिंगियाडीह, बिजौर, बहतराई, खमतराई, कोनी एवं बिरकोना के शामिल होने से बिलासपुर नगर निगम को तो बी क्लास सिटी का दर्जा तो मिल गया परंतु जुड़ने वाले क्षेत्र के लोगों को निगम की आधुनिक सहूलियतें नहीं मिलीं। सीवरेज, अमृत मिशन, मैकेनाइज्ड सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन जैसी सुविधाएं पंचायत क्षेत्रों के लिए अभी भी सपना बन कर रह गई हैं।

वर्ष 2019 से पहले राज्य शासन ने नगर निगम में तिफरा नगर पालिका परिषद, सकरी व सिरगिट्टी नगर पंचायत समेत 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया था। अब यहां के निवासियों के अनुसार, वार्डों में अब तक सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, नियमित कचरा संग्रहण और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। कई जगहों पर गलियों की हालत जर्जर है और बारिश के दौरान पानी भर जाने जैसी समस्याएँ आम हैं। लोगों ने बताया कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।

### स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही

लोगों का कहना है कि निगम द्वारा नियमित रूप से संपत्ति कर, स्वच्छता कर और अन्य शुल्क वसूले जा रहे हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें वे सुविधाएँ अभी तक नहीं मिली हैं जिनका वादा क्षेत्र के निगम में शामिल होने के समय किया गया था। नगर निगम और स्मार्ट सिटी ने स्ट्रीट लाइट में ही दो करोड़ रुपए खर्च किए थे लेकिन नए वार्डों की सड़कें अब भी अंधेरे में हैं। कुछ जगह पीले हेलोजन जल रहे हैं कई जगह वे भी बंद हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निगम कर वसूली में सक्रिय है, तो सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी उतनी ही तत्परता दिखानी चाहिए।



वार्ड नंबर 14 बंधवापारा में फैला कचरा।

### सकरी क्षेत्र

निगम में मिलने के बाद सकरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 1व 2 की स्थिति और खराब हो गई है न साफ पीने का पानी लोगो को मिल रहा है और न ही सफाई ठीक से हो पा रही है। लोगों का कहना है कि इससे अच्छा तो नगर पंचायत के समय व्यवस्थाएं थीं। लोगों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 2 अब्दुल कलाम नगर सहित पूरे सकरी क्षेत्र में सुविधाओं के नाम पर नगर निगम द्वारा मनमाने रूप में टैक्स की वसूली तो की जा रही है लेकिन उसके एवज में कोई भी सुविधा नहीं मिल रही। सड़क पर चारों ओर कचरा पसरा रहता है।

### सिरगिट्टी क्षेत्र

सिरगिट्टी में आवासपारा से मन्नाडोल तक जाने वाली 1300 मीटर लंबी डब्ल्यूबीएम सड़क पर दुपहिया वाहन चलाना भी कठिन है। 18 साल से यह सड़क इसी हालत में है। इसी तरह क्षेत्र के महिमा नगर, आदर्श नगर के साथ अन्य क्षेत्र के अंदरूनी हिस्से का जायजा लेने पर पता चला कि नाली तो बनाई गई है लेकिन बन्नाक चौक से रेलवे फाटक तक की सड़क पर पक्की नाली आज तक नहीं बनाई गई है। ऐसे में घरों से निकलने वाला पानी क्षेत्र के जगह-जगह में डबरे का निर्माण करता है। साथ ही सफाई, पेयजल, सड़क की प्रकाश व्यवस्था, नाली आदि की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है।



तिफरा यदुनंदन नगर कचरे से पटा।

### नियमित कचरे का उठाव भी नहीं

नए वार्डों के निवासियों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद उनसे उम्मीदें बढ़ी थीं कि अब नियमित सफाई, पक्की सड़कें और साफ पेयजल की सुविधा मिलेगी। वास्तविकता लेकिन यह है कि अभी भी कई मोहल्लों में नियमित कचरा संग्रहण भी नहीं हो रहा है। सड़क निर्माण की बात करें तो कई वार्डों में कच्ची या जर्जर सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो जाता है।

### सफाई है मुख्य समस्या

मुख्य समस्या सफाई को लेकर ही है। नियमित कचरे का उठाव नहीं हो पा रहा। 5 टीपर निगम की ओर से मिले थे जो काफी पहले खराब हो गए थे। इनमें से दो को बनवाया गया है। इसके साथ ही हाथ ठेले से कचरे का उठाव किया जा रहा है।

**- दिलीप कुमार कोरी**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 2

### ध्यान देने कहा गया है

ऐसा नहीं है कि नए क्षेत्रों में बिलकुल काम नहीं हो रहा है। कुछ शिकायतें जरूर मिलीं हैं। खास तौर पर कचरे के उठाव के बारे में लोग अधिक समस्या बता रहे हैं। सभी जोन कमिश्नर को कहा गया है कि एसआईआर के साथ ही सुविधाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है।

**- पूजा विधानी**
महापौर

**तिफरा स्थित बिजली कार्यालय में बनाया गया टेस्टिंग लैब**

# मीटर टेस्टिंग: भिलाई जाने की मजबूरी खत्म शहर में टेस्ट होंगे सिंगल व 3 फेस मीटर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। बिजली मीटर में खराबी की शिकायत के बाद उपभोक्ताओं और बिजली अधिकारियों को भिलाई जाने की मजबूरी से छुटकारा मिल सकेगा। इस माह के अंत तक तिफरा स्थिति सेंट्रल मीटर टेस्टिंग लैब शुरू हो जाएगा। करीब 2 करोड़ की लागत से लैब की स्थापना की गई है।

स्मार्ट मीटर में अधिक रीडिंग की शिकायत के बाद प्रदेश में मीटर टेस्टिंग लैब की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने और स्मार्ट मीटरों की जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। स्मार्ट मीटर की बढ़ती संख्या को देखते हुए रायपुर और बिलासपुर में दो नए अत्याधुनिक लैब बनाए गए हैं। बिलासपुर में लैब की मशीन लगाई जा चुकी है। अहमदाबाद की जेरा कंपनी द्वारा लगाए गए इस लैब में एक बार में 20 स्मार्ट मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी, जिसमें महज 2 घंटे के भीतर उपभोक्ताओं को रिपोर्ट सौंपी जा सकेगी। लैब में सिंगल और 3 फेस मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी, प्रारंभिक चरण में महज स्मार्ट मीटर ही टेस्ट किए जाएंगें। जानकारों के मुताबिक अब पुराने मीटर रिप्लेस किए जा रहे है ऐसे में स्मार्ट मीटर की टेस्ट रिपोर्ट ही लैब जनरेट करेगी।



तिफरा बिजली कार्यालय में बन रहा मीटर टेस्टिंग लैब।

### भिलाई जाने पर होना पड़ता था परेशान

भिलाई में एक पुराना लैब है, पहले पारंपरिक मीटरों की जांच होती थी। अब यहां स्मार्ट मीटरों की भी टेस्टिंग की जा रही है। नया रायपुर में सीपीआरआई का लैब करीब छह महीने पहले किया गया है। जिसमें नए और पुराने दोनों प्रकार के मीटरों की जांच हो रही है। खास बात यह है कि भिलाई जाने के लिए उपभोक्ता और बिजली अधिकारियों को एक साथ जाना पड़ता था, इसमें समय और रूपए दोनों खर्च होते थे, जिससे निजात मिलेगी। बिलासपर में लैब बनने के बाद मुंगेली, पेंड्रा, रायगढ़, सरगुजा संभाग के भी मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी।

### स्थापना व्यय बढ़ेगा, होगी भर्ती

बिजली विभाग में जल्द ही मीटर टेस्टिंग सेक्शन बनाया जाएगा। जिसमें ईई, एई, जेई और टेस्टिंग स्टाफ की भर्ती की जाएगी, जाहिर है इससे स्थापना व्यय बढ़ेगा लेकिन यह विभाग के लिए बेहद जरूरी हो चुका है। वर्तमान में लैब की स्थापना में मशीनों का इंस्टालेशन जारी है, कम्प्यूटर साफ्टवेयर अपडेट किए जा रहे हैं।

### बढ़ाई गई हैं सुविधाएं

लैब बन कर तैयार है, इससे पहले मीटर टेस्टिंग के लिए भिलाई भेजा जाता है। अब बिलासपुर में ही स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग हो सकेगी। उपभोक्ताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई है।

**-एके अम्बस्ट, सीई, विद्युत विभाग**

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मृतक।

कोनी थाना के एएसआई चिरंजीव राठौर ने बताया, 30 नवंबर को जलसो निवासी अखवरलाल सूर्यवंशी पिता धनीराम सूर्यवंशी 40 साल दोस्त मनीराम के साथ काम से पौंसरा गए थे। काम निपटाने के बाद शाम 6.30 बजे दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। लौटते समय पौंसरा में सामने से जा रहे ट्रैक्टर इंजन क्रमांक सीजी 10 बीजेड, 4441 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ग्रामीण घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। सूचना पर परिजन के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद अखवरलाल सूर्यवंशी को मृत घोषित कर दिया। 1 दिसंबर को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### कार सवार ने आटो को मारी टक्कर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर आनंदनगर निवासी विष्णु सिंह राजपूत 30 नवंबर को अपने आटो क्रमांक सीजी 10 सीए, 0937 में प्याज लेकर तिफरा से राजकिशोरनगर जा रहे थे। दोपहर 1 बजे महाराणाप्रताप चौक फ्लाई ओवर ब्रिज पर राजीव गांधी चौक की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 11 बीजी, 7257 के चालक ने मोबाइल में बात करते हुए आटो को टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गया और चालक को चोट आई है।

### छात्र व शराब खरीदने गए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग दो घटनाओं में मामूली विवाद पर छात्र व शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, जशपुर बागबहार मांकर चुवां निवासी सनत कुमार भगत पिता रामदेव भगत दयालबंद नारियलकोठी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। 30 नवंबर की शाम 5.30 बजे वे किराना दुकान से मच्छर अगरबत्ती खरीदकर मोबाइल में बात करते रूम जा रहे थे। सुलभ शौचालय के पास चप्पू सोनकर ने उन्हें ऊपर जाकर बात करने कहा। उन्होंने उसके साथी को समझाने को कहा तो चप्पू सोनकर ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर हमलावर चप्पू सोनकर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा संजय नगर निवासी अजय चौहान पिता अशोक चौहान 30 नवंबर को रात 9 बजे महाराणाप्रताप चौक स्थित शराब दुकान में शराब लेने गए थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने अचानक उन पर चाकू से हमला कर दिया।

# शाम ढलते ही छाया अंधेरा, डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सोमवार की शाम अचानक मध्यनगरीय क्षेत्र में बिजली ठप हो गई। करीब 5.30 बजे से बंद बिजली 7.10 बजे शुरू हो सकी। इस दौरान व्यापारियों के साथ ही आम लोगों को खासी दिक्कतों सामना करना पड़ा, हालांकि डेढ़ घंटें बाद सप्लाई नार्मल हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जूनी लाइन के साथ ही मध्यनगरीय चौक, सरजू बगीचा, करोना चौक जैसे इलाकों में शाम ढलते ही बिजली बंद हो गई। करीब 5.30 बजे अचानक बिजली बंद होने से लोगों के घरों में अंधेरा छा गया है। बिजली के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने फ्यूज कॉल में संपर्क किया लेकिन बिजली बंद होने का कारण उन्हें भी नहीं पता चल सका। इसके के बाद उपभोक्ताओं ने जेई और एई से संपर्क किया और बिजली बंद की शिकायत की।

- **सरजू बगीचा, मध्यनगरीय, जूनी लाइन, करोना चौक में सप्लाई ठप**

**ट्रांसफार्मर फेल होने के बाद जागा विभाग**



इस दौरान जानकारी मिली कि जूनी लाइन में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक फेल हो गया है, जिसे बदलने में विभाग को डेढ़ घंटे का समय लगा। करीब शाम के डेढ़ घंटे तक बिजली बंद होने से लोग हलाकान हो गए।

### एई छुट्टी पर, जेई ने नहीं उठाया फोन

खास बात यह है कि गोल बाजार जोन की एई प्रीता एक्का वर्तमान में शहर से बाहर है और छुट्टी पर है, इस दौरान जेई देव सिंह कंवर प्रभार पर है लेकिन बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ताओं ने संपर्क किया लेकिन जेई ने उपभोक्ताओं का फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। जेई के फोन नहीं उठाने के बाद उपभोक्ताओं ने ईई भरत भूषण नेताम से शिकायत कर बिजली बंद होने की जानकारी दी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बिल्हा के बड़े फड़ में एसीसीयू का छापा, चार जुआरी पकड़े गए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

लंबे समय से बिल्हा क्षेत्र में चल रहे फड़ में एसीसीयू टीम ने छापा मारकर जुआ खेलते 4 जुआरियों को पकड़ लिया है। वहीं छापे की खबर मिलने पर अन्य बड़े जुआरी भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीसीयू टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बिल्हा क्षेत्र में जगह बदल बदलकर बड़ा फड़ संचालित किया जा रहा है। रविवर को टीम को पता चला कि नोवा कंपनी के पीछे मांझी डेरा के पास जुआरी एकत्रित होकर मोटी रकम दाव में लगा रहे हैं। टीआई अजहरउद्दीन के निर्देश पर टीम ने मौके पर घेराबंदी की गई। फड़ से दूर में बैठे जुआरियों के मुखबिर से उन्हें देखकर जुआ खिलाने वाले को पुलिस के छापे की सूचना दे दी। जिससे फड़ में भगदड़ मच गई और लोग भागने लगे। टीम ने दौड़ाकर चार जुआरी संतोष भास्कर पिता अमर भास्कर दगौरी, प्रेमप्रकाश महिलांगे पिता भुवन महिलांगे भरतपुर बलौदाबाजार, शरद मनहर पिता उमेंद्र भैसबोड, बेअंतजीत टण्डन पिता महात्मा टण्डन उड़नताल निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 14 हजार 200 रुपए, दो बाइक जब्त किया गया है। वहीं जुआ खिलाने वाला व अन्य जुआरी खार का फायदा उठाकर भाग गए। टीम ने जुआरियों को बिल्हा पुलिस के हवाले कर दिया। बिल्हा पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। बताया जाता है मनीष ध्रुव क्षेत्र में सक्रिय होकर लंबे समय से जुआ खिला रहा है।

- **लंबे समय से बिल्हा क्षेत्र में चल रहा जुआ**

### हिर्री क्षेत्र में पकड़े गए 5 जुआरी

हिर्री ने झल्फा मोबाइल टावर के पास जुआ खेलते राजा साहू, दीपक साहू, हरिराम यादव, विजय दास मानिकपुरी, शेर सिंह कोसले को पकड़ लिया है। उनके पास से 1680 रुपए, एक स्कूटी, 5 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

